Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 19 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



दोष रहित आचरण ही चरणों को पूज्य बनाता है।
Flawlessness conduct makes feet adorable.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी, अमित शाह ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के 55वें जन्मदिन पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत तमाम नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा, केंद्रीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन जीने की कामना करता हूं। शिक्षा मंत्री ने इसके जवाब में लिखा, माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, बधाई और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपके गतिशील नेतृत्व में भारत मां की सेवा करना सौभाग्य और सम्मान की बात है।

### दो जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में तलब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी फिर से मुश्किल में फंस गए हैं। सुल्तानपुर की MP/MLA कोर्ट ने मानहानि केस में राहुल गांधी को 2 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने को कहा है। यह मानहानि मामला गृह मंत्री अमित शाह के ऊपर की गई एक विवादित टिप्पणी से जुड़ा हुआ है। 2018 के कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए विवादित बयान दिया था।

**मुख्यमंत्री ने आपातकाल स्मृति दिवस पर अपने निवास पर लोकतंत्र सेनानियों को किया सम्मानित**

## लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और तपस्या को कभी भुलाया नहीं जा सकता : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा है कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों का त्याग-तपस्या और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्हें सम्मान देने के लिए राज्य सरकार द्वारा सम्मान निधि देना फिर से शुरू कर दिया गया है और पिछले पांच वर्षों की रोकी गई सम्मान निधि की राशि सेनानियों को एकमुश्त दी जा चुकी है। पिछली सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान निधि को बंद कर दिया था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज अपने निवास कार्यालय में आपातकाल की 49वीं वर्षगांठ आपातकाल स्मृति दिवस पर आयोजित लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने लोकतंत्र सेनानी स्वर्गीय श्री बलीराम कश्यप और स्व. श्री नरहरि साय सहित अनेक सेनानियों का स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों को शाल, श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानियों ने मुख्यमंत्री श्री साय को चांदी का मुकुट और गजमाला पहनाकर सम्मान निधि पुनः प्रारंभ करने और पिछले पांच वर्षों की राशि देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में लोकतंत्र सेनानियों को सीएम हाऊस में सपरिवार आमंत्रित किया गया।

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव और श्री विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, विधायक श्री पुन्नूलाल मोहले,

- सेनानियों के परिवारजनों को भी सम्मान समारोह में किया गया आमंत्रित
- लोकतंत्र सेनानी संघ ने किया मुख्यमंत्री को सम्मानित
- पिछले 5 वर्षों से रोकी गई सम्मान निधि की राशि देने और सम्मान निधि फिर से शुरू करने के लिए किया सम्मान

श्री धरमलाल कौशिक, मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रांत संघचालक श्री टोपलाल वर्मा, लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सच्चिदानंद उपासने, प्रदेश अध्यक्ष श्री दिवाकर तिवारी, श्री रामप्रताप सिंह, भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को बचाने के लिए लोकतंत्र सेनानियों (मीसाबंदियों) ने काफी कष्ट उठाया, लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपने परिवारों की परवाह न करते हुए जेल गए, जहां उनके साथ बर्बरता की गई, उनके परिवारजनों ने भी काफी कष्ट सहे। कई घरों में चूल्हा जलना मुश्किल हो गया था। जिन परिवारों में कमाने वाले जेल गए ऐसे कई परिवार बरबाद हो गए। देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए इन सेनानियों ने और उनके परिवारों ने अतुलनीय योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि 25 जून 1975 को देश में आपातकाल लगा था, विपक्षी नेताओं को जेल में बंदकर दिया गया था। मीडिया का अधिकार छीन लिया गया था, लोगों को प्रताड़ित किया गया। इसी की याद में 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने बड़े कष्ट सहे। जो जेल गए उन्होंने जेल में और उनके परिवारों ने जेल के बाहर यातनाएं सही। उनका त्याग बहुत बड़ा है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों ने घर का अमन-चैन त्यागकर लोकतंत्र के लिए लड़ाई लड़ी। उनका यह अभियान वंदनीय है। मध्य क्षेत्र के क्षेत्र संघचालक डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना ने कहा कि लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए हमें लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों को याद रखने की जरूरत है। हमारा यह दायित्व है कि एक पीढ़ी की कुर्बानी और संघर्ष की कहानी का क्रम अगली पीढ़ी तक बना रहे।

लोकतंत्र सेनानी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री सच्चिदानंद उपासने ने अपने सम्बोधन में आपातकाल के दौरान लोकतंत्र सेनानियों के संघर्षों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जब हम सड़कों पर निकलते थे, तो लोग मुंह फेर लेते थे। लोग बात करने से कतराते थे। उस काल की प्रताड़ना और कष्टों से कई परिवार बर्बाद हो गए। आज भी उनकी स्थिति नहीं सुधरी है। लोकतंत्र सेनानियों की भावी पीढ़ी को किसी न किसी रूप में संगठित कर अच्छे काम में लगाने के उद्देश्य से लोकतंत्र प्रहरी संगठन की कल्पना की गई है।

## ओम बिरला चुने गए लोकसभा स्पीकर, ध्वनि मत से हुआ फैसला; आसन तक लेकर गए मोदी और राहुल



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** 18वीं लोकसभा के पहले सत्र का आज तीसरा दिन है। पिछले दो दिनों की कार्यवाही में निर्वाचित सांसदों ने सदन के सदस्यता की शपथ ली थी। साथ ही साथ लोकसभा के अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों का ऐलान किया गया था। एनडीए की तरफ से ओम बिरला और इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस सांसद के सुरेश को उतारा गया था। आज स्पीकर का चुनाव हुआ। जिसमें ओम बिरला स्पीकर चुने गए। संसद में ध्वनिमत से ओम बिरला को स्पीकर चुना गया है। अब ओम बिरला 18वीं लोकसभा के स्पीकर होंगे। इससे पहले भी वही लोकसभा स्पीकर थे। ये एक ऐतिहासिक क्षण था क्योंकि बीजेपी से लगातार दूसरी बार एक ही व्यक्ति का स्पीकर चुने जाने का ये पहला मौका होगा।

इसके बाद पीएम मोदी ने ओम बिरला को बधाई दी। पीएम मोदी और राहुल गांधी दोनों ने मिलकर ओम बिरला को उनके आसन तक पहुंचाया। पीएम मोदी ने ओम बिरला को जीत की बधाई दी। इस दौरान संसद में पीएम मोदी ने कहा कि पूरे सदन की ओर से आपको बधाई। दूसरी बार स्पीकर बनना नया रिकॉर्ड है। आप नए कीर्तिमान गढ़ते आए हैं। ओम बिरला हम सभी को मार्गदर्शित करते रहते हैं और आगे भी करते रहेंगे। यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार स्पीकर बने हैं।

## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इमरजेंसी को कोसते हुए लोकसभा में रखवाया मौन, विपक्ष को लगी मिर्ची

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लोकसभा में आज ओम बिरला स्पीकर बन गए और अपनी पहली ही स्पीच में बिरला ने इंदिरा सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी की बरसी पर जमकर सदन में सुनाया। उन्होंने इमरजेंसी को लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय बताया, कांग्रेस को उसके लिए घेरा और सदन में दो मिनट का मौन भी रखवा दिया। सत्ता पक्ष के सांसदों ने मौन रखा, लेकिन कांग्रेस और विपक्ष के सांसद हंगामा करते रहे। कांग्रेस सांसदों का आरोप था कि स्पीकर भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं।

मौन के बाद स्पीकर ने गुरुवार तक के लिए संसद को स्थगित कर दिया। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और सदन के सभी सदस्यों को मुझे फिर से सदन के अध्यक्ष के रूप में दायित्व निर्वाहन करने का अवसर देने के लिए सबका आभार व्यक्त करता हूं। मुझ पर भरोसा दिखाने के लिए भी मैं सभी का आभारी हूं।' उन्होंने आगे कहा, 'यह 18वीं लोकसभा लोकतंत्र का विश्व का सबसे बड़ा उत्सव है। अन्य चुनौतियों के बावजूद 64 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। मैं सदन की ओर से उनका और देश की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। निष्पक्ष, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया संचालित करने के लिए और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी एक भी वोट पड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग द्वारा किए गए प्रयासों के लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।'

## कांग्रेस पार्टी, भारतीय संविधान और लोकतंत्र पर विश्वास नहीं रखती : बृजमोहन अग्रवाल

**आपातकाल के विरोध में संसद परिसर में भाजपा सांसदों का प्रदर्शन**

**सांसद ने कांग्रेस पर निशाना साधा, संविधान की हत्या करने वालों के साथ है कांग्रेस**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** कांग्रेस पार्टी, लोकतंत्र और भारतीय संविधान पर विश्वास नहीं रखती है इसका सबसे बड़ा उदाहरण है 1975 का आपातकाल, जब 25 जून की सुबह तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति के लिए देश में इमरजेंसी की घोषणा की थी। यह कहना है रायपुर से भाजपा सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल का।

बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के सांसदों के साथ संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और कांग्रेस व राहुल गांधी से इंदिरा गांधी के कृत्यों पर माफी मांगने की मांग की।

रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि 1975 में इंदिरा गांधी ने पूरे देश को जेल बना दिया था। संविधान और लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। विपक्ष के नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। हजारों परिवारों को बेघर कर दिया गया। इतना ही नहीं बड़ी संख्या में लोगों की मौत भी हो गई थी। उन्होंने कहा कि, आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर आज लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी विशेष निंदा प्रस्ताव लाए और पीड़ितों के सम्मान में सदन में 2 मिनट का मौन रखा। जिसका कांग्रेस विरोध कर रही है। इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस इमरजेंसी का समर्थन करती है। कांग्रेस बात तो संविधान की रक्षा की करती है। लेकिन संविधान की हत्या करने वालों के साथ है। जिसके विरोध में भाजपा प्रदर्शन कर रही है।

बता दें कि 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी थी इस दौरान भारत के नागरिकों के अधिकारों को नष्ट कर दिया गया था। नागरिकों से उनकी आजादी छीन ली गई थी। यह वह दौर था जब विपक्ष के नेताओं को जेलों में बंद कर दिया गया था। पूरे देश को जेल बना दिया गया था।

## राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाए जाने की एमवीए ने की तारीफ

**मुंबई (आरएनएस)।** महाराष्ट्र में विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के नेताओं ने बुधवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लोकसभा में विपक्ष का नया नेता (एलओपी) बनाए जाने का तहे दिल से स्वागत किया। नई दिल्ली में कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की बैठक के बाद मंगलवार को एआईसीसी महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने राहुल गांधी के नाम की घोषणा की थी। एमवीए के सहयोगी- कांग्रेस के बालासाहेब थोराट, शिवसेना (यूबीटी) के संजय राउत और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के क्लाइड क्रैस्टो ने राहुल गांधी को बधाई दी और गर्मजोशी से सराहना करते हुए इसे संविधान को बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। राज्य विधायक दल के नेता थोरात ने कहा, आपके नेतृत्व में एकजुट विपक्ष संविधान को कायम रखेगा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करेगा।

## स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने गरियाबंद जिले के किडनी मरीजों की सुविधा के लिए 4 एम्बुलेंस की दी सौगात

**गरियाबंद में 10 बिस्तरीय डायलिलिस युनिट का शुभारंभ**


**स्वास्थ्य मंत्री ने गरियाबंद एवं सुपेबेड़ा में एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल आज गरियाबंद जिले के एक दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गरियाबंद के कोविड अस्पताल में बनाये गये जिले के किड़नी पीड़ित मरीजों के लिए 10 बिस्तर के डायलिसिस यूनिट का शुभारंभ किया। उन्होंने डायलिसिस करा रहे भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली तथा चिकित्सकों को बेहतर उपचार करने के निर्देश दिये।

इसके उपरांत उन्होंने कोविड अस्पताल में बनाये गये प्रयोगशाला कक्ष सहित अन्य वार्डो का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर उन्होंने यहां जिले के किड़नी पीड़ित मरीजों को लाने ले जाने के लिए सर्व सुविधायुक्त तीन एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने जिले के दूरस्थ अंचल में बसे ग्राम सुपेबेड़ा के उपस्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र के समीप निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्र को आठ माह के भीतर सर्व सुविधायुक्त बनाने के निर्देश दिये। श्री जायसवाल ने सुपेबेड़ा के मरीजों के लिए एक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि सुपेबेड़ा में दो नए डायलिसिस केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीणों के पेयजल के लिए आर.ओ. वाटर लगाये जाएंगे। इसके अलावा तेल नदी से पानी की सप्लाई कर उसे फिल्टर प्लांट के माध्यम से शुद्धिकरण कर गांव में प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने सुपेबेड़ा किड़नी पीड़ित मरीज श्री प्रेमजय छत्रपाल के घर पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस दौरान श्री छत्रपाल ने बताया कि उन्हें तीन वर्ष से घर पर ही डायलिसिस की सुविधा चिकित्सकों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इस दौरान मंत्री जायसवाल ने परिवार की शासन प्रशासन से हर संभव मदद पहुंचाने का आश्वासन दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्वाचन ड्यूटी के दौरान हुई थी मृत्यु, कलेक्टर ने शिक्षक परिवार को सौंपी 15 लाख रूपये की अनुग्रह राशि



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-44-कसडोल के अंतर्गत मतदान दल क्रमांक 252, मतदान केन्द्र क्रमांक 298, सुन्दरी में निर्वाचन कर्तव्य के दौरान शासकीय प्राथमिक शाला रामभाठा पुटपुरा में पदस्थ पद्मभूषण पैकरा शिक्षक ई(एल.बी) मतदान अधिकारी-02 का मृत्यु हों गई थी। मृतक की धर्मपत्नी श्रीमती अम्बेश्वरी पैकरा को आज 15 लाख रूपये की अनुग्रह सहायता राशि कलेक्टर दीपक सोनी ने सौंपी है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे सहित परिवार के अन्य सदस्य गण उपस्थित रहे।

### चंपारण के चंपेश्वर आशियाना पहुंची इस्कॉन मंदिर रायपुर से टीम

**नवापारा राजिम (विश्व परिवार)।** राजधानी रायपुर के इस्कॉन मंदिर से पहुंची विशेष टीम के द्वारा रथयात्रा के पावन पर्व के लिए महानदी के पवित्र जल से ठाकुर



जी को स्नान करा कर श्री चंपेश्वर नाथ महादेव जी की पावन नगरी चंपारण में स्थित संस्कार फाऊंडेशन द्वारा संचालित दिव्यांगों व मूकबधिर बच्चों की संस्था चंपेश्वर आशियाना में आगमन हुआ। इस्कॉन मंदिर से पहुंची टीम के सदस्य संस्था के दिव्यांगों व मुकबधिर बच्चों से मिलकर काफी भावुक हो उठे। उनकी आंखों में आंसू आ गए। उन्होंने संस्था की हर संभव मदद करने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच राधिका ध्रुव उप सरपंच कुसुम यादव, पंचगण भानेश्वर साहू, खिलेंद्र साहू, रुद्राक्ष साहू, रुद्रदेव साहू, ईश्वर साहू सहित संस्था की संचालिका अनामिका गोस्वामी, योगिता बघेल, पूर्णिमा ध्रुव, गरिमा बंदे, यामिनी ध्रुव, कार्तिका विश्वकर्मा, सविता साहू सहित संस्था के दिव्यांग बच्चे संस्कार, योगेश, केसर, सुभाष, राहुल, भुनेश्वर, उमेश, भुनेश्वरी हेमा, रेशमी, मोनू, सुंदर, त्रिवेणी, सावित्री, रानू, सोनू, लालिमा, राखी, गायत्री, भवानी, दामिनी जीतेश, खुशबू, उदय, डेमिन के अलावा अनेक लोग उपस्थित थे।

## बलौदाबाजार जिले में शीघ्र स्थापित होगा साथी बाजार, समूह की महिलाओं का किसान उत्पादक संगठन के रूप में होगा गठन

### कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक



**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** भारत सरकार की केंद्रीय को-आपरेटिव नाफेड के माध्यम से जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा। साथी बाजार बनाने के लिए भाटापारा में स्थल चयन प्रस्तावित है। इसके संचालन के लिए स्व सहायता समूह की महिलाओं का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन होगा। इसका गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से होगा। साथी बाजार स्थापना के सम्बन्ध में बुधवार को कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिला स्तरीय क्रियान्वयन समिति की बैठक लेकर जरुरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में कृषि महाविद्यालय भाटापारा के अधिष्ठाता डॉ एच.एल. सोनबोइर, कृषि विज्ञान केंद्र भाटापारा के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अंगद सिंह राजपूत, उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, फीफा के राष्ट्रीय समन्वयक मनीष शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री सोनी ने स्थानीय मांग के अनुरूप एफपीओ का चयन, स्थल चयन तथा राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों से उपयुक्तता के सम्बन्ध में अध्ययन रिपोर्ट प्राप्त करने कहा। उन्होंने कहा कि साथी बाजार में कृषि एवं औद्योगिक उत्पादों को स्थानीय स्तर पर बड़ा प्लेटफार्म मिलेगा।बताया गया कि चैंबर आफ कामर्स एवं कैट की भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका होगी।साथी बाजार में मार्डन रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेंट जोन, एग्रीमाल, कृषि सहायता केंद्र, माइक्रो फाइनेंस, इंश्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज मिनी थियेटर, स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम भी खोले जाएंगे।

## शपथ पत्र

मैं **आशा किरण बघेल**, उम्र-60 वर्ष, पिता- **श्री छोटेलाल बघेल**, निवासी- गांधीनगर, पंडरी, रायपुर, जिला- रायपुर, छ.ग. निवासी हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि- मेरे नाम से रायपुर कचहरी उपडाक घर में आर.डी. खाता है, जिसका **खाता क्र.- 4281316515** है, जिसमें मेरा नाम। **ASHA KIRAN RAJPUT**, **आशा किरण राजपूत** दर्ज है।

यह कि, **आशा किरण राजपूत** एवं **आशा किरण बघेल** दोनों एक ही व्यक्ति हैं और मेरे नाम है। जो कि, उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।

**शपथकर्ता**
**आशा किरण राजपूत**

## गीता कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर-सीज़न 4' की जज के तौर पर वापसी करने वाली हैं

**डांस** करने का अनुभव हर चीज से बेहतर है, जिससे आप खुश, उत्साहित, ऊर्जावान, प्रोत्साहित आदि महसूस कर सकते हैं। डांस का सबसे बेहतरीन मंच, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर इंडियाज़ बेस्ट डांसर अपने चौथे सीज़न के साथ वापस आ रहा है और इसका नया प्रोमो दर्शकों से आग्रह करता है कि जब दिल करे,डांस कर।



इस बहुचर्चित होमग्रोन फॉर्मेट में डांस के प्रति अपनी अनूठी विशेषज्ञता और जुनून के साथ, प्रसिद्ध कोरियोग्राफ़र गीता कपूर शो के नवीनतम सीज़न के लिए पुन- जज पैनल में शामिल होंगी। नवीनता और रचनात्मकता पर अपनी पैनी नज़र रखते हुए, गीता कपूर एक्ट में 'नयापन' तलाशेंगी, और डांसर्स को मंच पर नए और मौलिक मूव्स करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। गीता कपूर ने जज की भूमिका में वापसी करने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, इस फॉर्मेट की शुरुआत से ही इंडियाज़ बेस्ट डांसर का हिस्सा बने रहने का सफर लाजवाब रहा है। मैं चौथे सीज़न में वापसी करने और हमारे महत्वाकांक्षी प्रतिभागियों के इनोवेटिव डांस मूव्स को देखने के लिए उत्साहित हूँ। इस मंच के ज़रिये डांस स्टार्स की अगली पीढ़ी को खोजना और उन्हें बेहतर बनाना एक बड़ी ज़िम्मेदारी है, जो मुझे वाकई पसंद है। ये असाधारण डांसर्स मंच पर क्या लेकर आएँगे यह देखने के लिए मैं प्रतीक्षा कर रही हूँ। 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 4' का प्रीमियर 13 जुलाई 2024 को होगा।

## 5 जुलाई को रिलीज होगी हण्डा, ओपन मीट 29 को

**रायपुर (विश्व परिवार)।** एन. माही फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले फिल्म हण्डा 5 जुलाई 2024 को प्रदेश के 50 से अधिक सिनेमाघरों में रिलीज़ किया जाएगा। इससे पहले 29 जून शनिवार को भाटा गांव स्थित तिरुपति भवन में दोपहर 1 से शांम 5 बजे तक ओपन मीट कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के निर्माता मोहित साहू हैं।



छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा के निर्माता मोहित साहू ने बताया कि राजधानी में छत्तीसगढ़ से सोशल, प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों से 29 जून को रावण भाटा के सामने तिरुपति भवन में पत्रकार वार्ता दोपहर 1 बजे आयोजित होगी। उन्होंने फिल्म के कलाकारों के साथ ओपन मीट में शामिल होने की अपील की है। यह ओपन मीट दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। जिसमें फिल्म हण्डा के सभी कलाकार एक मंच में शामिल होकर अपने अनुभवों को सोशल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से लोगों को बताएंगें। छत्तीसगढ़ी फिल्म हण्डा का निर्देशन व लेखन अमलेश नागेश ने किया है। इस फिल्म के अभिनेता अमलेश नागेश, अभिनेत्री अमृता कुशवाहा, अनिल सिंहा, नीरज उईके, विनायक अग्रवाल, जीत्तु दुलरवा, धर्मेन्द्र साहू, मोहित जोशी ने इसमें मुख्य रूप से अभिनय किया है। वहीं इस फिल्म के डीओपी रजत सिंह राजपूत, एडिटर गौरांग त्रिवेदी, उमेश ध्रुव, म्यूज़िक डायरेक्टर ओमी स्टाइलियो है। वहीं इस फिल्म में स्वर सुनील सोनी व अनुपमा मिश्रा ने दी है। कोरियोग्राफर चन्दन दीप, डान्स कामदेव डान्स ग्रुप, फिल्म वितरक तरुण सोनी मां फिल्मस ने किया हैं।

## आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार (विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम ढाबाडीह निवासी मोनू ध्रुव पिता सुकलाल की शिवनाथ नदी के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता सुकलाल ध्रुव को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
नया मुख्यालय भवन गांधी चौक, रायपुर, फोन नं. 2535780, 90, फैक्स : 0771-2227395, E-mail : ee.electrical.rmc@gmail.com

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक / 69 / विद्युत / न.पा.नि. /2024 दिनांक : 26/06/2024

नगर पालिक निगम, रायपुर, विद्युत विभाग द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु संबंधित फर्म / एजेंसियो अथवा उनके अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदायें दो लिफाफा पद्धति के माध्यम से स्पीड पोस्ट से दिनांक 12/07/2024 को संध्या 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है, प्राप्त सभी निविदाएँ उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख दिनांक 12/07/2024 को संध्या 05:00 बजे खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र एबीसी निर्धारित राशि रू. 750.00 जमा कर दिनांक 10/07/2024 तक नगर पालिक निगम, विद्युत विभाग, मुख्यालय से कार्यालीन समय में प्राप्त की जा सकती है। कार्य का नाम:- नगर पालिक निगम अंतर्गत नयी स्ट्रीट लाईट की स्थापना / संधारण हेतु वायर एवं एम.एस. क्लैम्प प्रदाय करने बाबत। अनुमानित लागत राशि रू. 13,30,400.00। अमानती राशि रू. 39912.00 ।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दवें

कार्यपालन अभियंता (विद्युत)
नगर पालिक निगम, रायपुर

**बिक्री हेतु सूचना**

पाटन तहसील के **ग्राम पतोरा** में बेस्ट लोकेशन पर स्थित **03 एकड़ खेत** सम्पूर्ण कागजात के साथ उपलब्ध है जिस किसी सज्जन को शिक्षा संस्थान, नर्सिंग होम या बड़े उद्योग धंधे या कॉलोनी के लिए सम्पर्क करें।

**श्री प्रदीप बाकलीवाल**
**मोबाईल नंबर- 9329124190**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12534/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12534
वार्ड का नाम- 64 - विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656B00171** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KHORBAHARA RAM DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **TETKU RAM DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **नीतु देवांगन** पिता/पति, श्री/श्रीमती **प्रदीप देवांगन** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, पारिवारिक व्यवस्था पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12466/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12466
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652H00262** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **MOHD. NAUSHAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MOHD. MUSTAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **FIROJA KHAN** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O MOHD. BILAL KHAN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12464/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12464
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR652G00981** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **NEERAJ RAWAT** पिता/पति, श्री/श्रीमती **AVTAR SINGH RAWAT** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SUDIPTI SAHU** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O SANTOSH SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)**
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./12463/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12463
वार्ड का नाम- 60 - चन्द्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR653H00072** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **KHALIL AHMED** पिता/पति, श्री/श्रीमती **M.A. RAJJAK** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SHAHLA AHMED** पिता/पति श्री/श्रीमती **W/O LATE KHALIL AHMED** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (6)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)**
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./11909/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 18-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 11909
वार्ड का नाम- 16 - वीर शिवाजी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 16 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR107I00101** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **B. APPA RAO** पिता/पति, श्री/श्रीमती ........ के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. B.V. LAXMI 2. N. BHAVANI 3. N. VANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **B. APPA RAO** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ ....... / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)**
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /12514/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12514
वार्ड का नाम- 2 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802H00527** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHISHIR CHANDRA TIWARI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S.C. TIWARI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **KIRAN EKKA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKTI PRAKASH EKKA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (8)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./12452/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12452
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227C0127A** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMESH KUMAR S/O DASAK JANGHEL, SMT. DRAUPATI W/O RAMESH JANGHEL** पिता/पति श्री/श्रीमती ....... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्रीमती महेश्वरी जंघेल, पति- श्री चंद्रशेखर जंघेल** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता- श्री जितेन्द्र वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./12451/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12451
वार्ड का नाम-10- रानी लक्ष्मी बाई वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 10 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR227U00065** जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAILASH SONI** पिता/पति श्री/श्रीमती **SHANKAR LAL SONI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री संतोष कुमार शर्मा** पिता/पति श्री/श्रीमती **पिता- स्व. श्री रोहणी कुमार शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं.- (3)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12470/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12470
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00444** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **BHAWAR LAL PARIHARIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHUNNI LAL PARIHARIYA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **शेख मिजानुर रहमान** पिता/पति, श्री/श्रीमती **शेख अनिसुर रहमान** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12461/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12461
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00160** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MR. GOPAL JANSWAMI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **KRISHNAMURTI JANSWAMI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **प्रिंस सोनी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **शिवकुमार सोनी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12445/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12445
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E01383** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ZAAFAR AHMED** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAFIQUE AHMED** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. सरफराज अहमद 2. मोहम्मद फारूख अहमद** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों पिता- रफीक अहमद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12460/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12460
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E0588A** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NARESH KUMAR POPATANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NIHCHAL DAS POPATANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सतीश कुमार बागड़ी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. शंकरलाल बागड़ी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12528/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12528
वार्ड का नाम- 45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 45 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00308** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **TIRATHRAJ DAVE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. BADRINARAYAN DAVE** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सतीश कुमार शर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. रामसनेही शर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, वसीयतनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./12535/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 26-06-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 12535
वार्ड का नाम- 64 - विपिन बिहारी सूर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR656D00177** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA KUMAR VERMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MR. BRIJ BHUSHAN VERMA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **सरिता वर्मा** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. राजेंद्र वर्मा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमती पत्र, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# कलेक्टर ने जनचैपाल में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

## संध्या को मिलेगा छात्रावास में प्रवेश, तस्मिया की मुराद भी होगी पूरी

**कनकी के ग्रामीणों ने बड़े झाड़ के जंगल, चरई की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की**

**कलेक्टर ने तहसीलदार को दिए जांच के निर्देष**



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने जन चैपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्रकरण अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जन चैपाल में लोगों ने अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन दिया। अपनी अनाथ बहन को छात्रावास में दाखिला हेतु आवेदन करने पहुंची कुमारी राषि सूर्यवंषी ने जब कलेक्टर को बताया कि उसकी बहन दीपिका अनाथ है और वह हॉस्टल में रहकर आगे की पढ़ाई करना चाहती है, इसी तरह जनचैपाल में सुखबाई अपनी पुत्री संध्या सहिस को छात्रावास में दाखिला हेतु निवेदन किया तो कलेक्टर ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग को निर्देषित कर छात्रावास में प्रवेष के निर्देष दिए। दुरपा की मेधावी छात्रा तस्मिया अंसारी ने अपनी आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए महाविद्यालय में प्रवेष की इच्छा जताई। कलेक्टर ने छात्रा की प्रतिभा को देखते हुए महाविद्यालय में प्रवेष की बात कही। जनचैपाल में कुल 63 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर जनचैपाल में कनकी के ग्रामीणों ने बड़े झाड़ के जंगल, चरई की भूमि को कब्जा से मुक्त कराने की मांग की। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को जांच के निर्देष दिए। इसी तरह ग्राम खम्हरिया तहसील हरदीबाजार की सोनकली ने अपने पूर्वजों की जमीन पर कब्जा होने तथा पटवारी द्वारा निरीक्षण नहीं करने, लक्ष्मण यादव ने दादरखुर्द में खसरा नंबर 134, 192, 95 व 28/2 को अवैध कब्जा कर नामांतरण की षिकायत जनचैपाल में की। जनमन उत्थान समिति द्वारा रिंग रोड न्यू षांति नगर में भूमि सर्वे नहीं करने से उत्पन्न समस्या के संबंध में आवेदन दिया। ग्राम पंचायत इरफ के ग्रामीणों ने वार्ड क्रमांक 16 दादरपारा में पेयजल संकट की षिकायत करते हुए हैण्डपंप लगाने की मांग की। ग्राम छुरीखुर्द दर्री के अरविंद कुमार ने अपनी भूमिस्वामी हक की जमीन खसरा नंबर 576/4 से अवैध कब्जा हटाने, ग्राम कटोरीनगोई के रामलाल ने अभिलेख सुधार, ग्राम करईनारा करतला के कृष्ण कुमार पटेल ने तालाब गहरीकरण कार्य मनरेगा में गड़बड़ी की षिकायत की। ग्राम नोनबिर्रा के लव कुमार पटेल ने सीमांकन नहीं होने, ग्राम बरपाली के ग्रामीण ने फौती बंटवारा नहीं होने के संबंध में जनचैपाल में कलेक्टर को आवेदन दिया। इसी तरह कटघोरा जेंजरा अटल आवास में पेयजल संकट, कोरबा-चांपा मार्ग में राष्ट्रीय राजमार्ग 149-बी ग्राम कुरूडीह के प्रभावित ग्रामीणों ने वृक्षों का मुआवजा सहित अन्य लोगों ने भी जन चैपाल में आवेदन दिया। कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर निर्देशित किया है कि आवेदनों का परीक्षण कर शासन के नियमानुसार कार्यवाही समय सीमा सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनचैपाल में प्राप्त होने वाले आवेदनों पर समुचित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए ताकि आवेदक को दोबारा जनचैपाल में ना आना पड़े।

# नई शराब खरीदी नीति को लेकर राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में केविएट दायर

**बिलासपुर(विश्व परिवार)।** प्रदेश में शराब खरीदी को लेकर राज्य सरकार द्वारा लिए गए फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में मामला दायर हो सकता है और उस पर रोक की मांग भी हो सकती है। जिसे देखते हुए राज्य सरकार पहले ही हाईकोर्ट पहुंच गई है। राज्य शासन ने महाधिवक्ता कार्यालय के विधि अधिकारी के माध्यम से हाईकोर्ट में केविएट दायर किया है। बता दें कि शराब सिंडीकेट के खात्मे को लेकर राज्य सरकार ने बीते 19 जून को कैबिनेट की बैठक में शराब खरीदी की व्यवस्था में बदलाव का फैसला किया। इस निर्णय के बाद आबकारी विभाग की तरफ से आदेश जारी हो गया है। सरकार को इस बात की आशंका है कि व्यवस्था में बदलाव से शराब सिंडीकेट पर असर पड़ेगा। ऐसे में वे इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जा सकते हैं। जिसके लिए राज्य सरकार ने पहले से ही तैयारी कर ली है। राज्य सरकार की ओर से हाईकोर्ट में केविएट दायर किया है। राज्य सरकार की ओर से दायर केवियट में कहा गया है कि किसी भी दायर याचिका पर पहले राज्य सरकार का पक्ष सुना जाए इसके बाद ही कोई फैसला दिया जाए। बता दें कि कैबिनेट ने विदेशी मदिरा के थोक विक्रय और भंडारण के लिए एफ एल 10 ए बी को समाप्त करने का फैसला किया है। इस नियम में विदेशी शराब की खरीदी का अधिकार लाइसेंसियों के पास था। कैबिनेट ने इसमें बदलाव करते हुए सीधे विनिर्माता इकाइयों से विदेशी शराब खरीदने का फैसला लिया है। जिसके बाद विदेशी शराब खरीदने की जिम्मेदारी अब छत्तीसगढ़ ब्रेवरेज कॉरपोरेशन को मिल गई है। यह भी ज्ञात हो कि प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भाजपा सरकार द्वारा बनाई गई आबकारी नीति में संशोधन कर एफएल-10 लाइसेंस का नियम बना दिया था। आरोप है कि इससे सरकार अपने चहेते फर्मों को आपूर्ति का जिम्मा दे दिया था, और राज्य में जहां अवैध व नकली शराब की बिक्री होने लगी, साथ ही नकली होलो ग्राम चिपकाकर बोतलों की स्कैनिंग किए बिना घटिया शराब बेची गई। जिसकी वजह राज्य सरकार को करोड़ों रु के राजस्व का नुकसान हुआ।

# सभी स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव मनाया जाए - कलेक्टर

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने आज समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने 26 जून से 2रू होने वाले शाला प्रवेशोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि पालक, समुदाय और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शाला स्तर पर प्रवेशोत्सव मनाया जाए इसके लिए आवश्यक तैयारी कर लेवें। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्राइमरी एवं मिडिल स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें और गणवेश भी वितरित किया जाए। जिला मिशन समन्वयक श्री चंद्राकर ने बताया कि 26 से 30 जून तक प्रत्येक शालाओं में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा ब्लॉक स्तर पर प्रवेशोत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए तैयारी कर ली गई है। कलेक्टर ने मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत ऐसे महिलाओं के नाम जोडने् कहा है जो किसी कारणवश पात्र होते हुए भी छूट गए हैं। इसी तरह स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह आयुष्मान की संख्या में प्रगति लाएं। कलेक्टर ने राशन कार्ड नवीनीकरण के लिए ग्राम पंचायत सचिवों से तालमेल बिठाकर छूटे हुए हितग्राहियों का 30 जून तक की स्थिति में नवीनीकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री मलिक ने सभी विभागीय अधिकारियों को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं की अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

# सड़क दुर्घटना में कमी लाने पुलिस चला रही जागरूकता अभियान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के दिशा निर्देशन में जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिया जाए सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाए। थाना/चौकी प्रभारीगण उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण, कृषक, मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना करतला, चौकी मोरगा, श्यांग एवं लेमरू के द्वारा ग्राम पीढ़िया, बटमार, क़ेतमा, चिर्रा एवं लेमरु में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहाँ गया। हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करने एवं मालवाहक गाड़ियों में सवारी नहीं बैठाने के संबंध में भी बताया गया। वहाँ उपस्थित लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन डायल 1033 के बारे में जानकारी दिया गया। बैठक में नवीन क़ानून के बारे में जागरूक किया गया कि ये 1 जुलाई से लागू होने वाले है। बैठक में उपस्थित लोगो को अभी के मौसम के बारे में बताया गया जिसमें बरसात के समय गाज गिरने से, जहरीले सांप बिच्छू के डसने, बारिश में उप नदी नाले में बहने, गंदे पानी के उपयोग करने एवं बरसाती बीमारियों से बचने के उपाय एवं त्रिकोण के बारे में बताया गया।

# कलेक्टर ने दो अपराधी को किया जिला बदर




**रायगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकरी कार्तिकेया गोयल ने आदेश जारी कर राजेश सिंह, पिता-सुभाष सिंह, उम्र-40 वर्ष, निवासी-लेबर कालोनी, जूटमिल, चौकी जूटमिल रायगढ़ एवं चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य, पिता-स्व.अरूण शुक्ला, उम्र-23 वर्ष, निवासी-रेल्वे स्टेशन, मोटर सायकल स्टैण्ड के पीछे, रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 (क) एवं (ख)के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर राजेश सिंह एवं चाहत शुक्ला के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि राजेश सिंह अपने साथियों के साथ मिलकर गुण्डागर्दी, मारपीट, बलवा, हत्या का प्रयास व लूट जैसे संगीन अपराध घटित करते आ रहा है। राजेश सिंह के विरूद्ध चौकी जूटमिल, थाना कोतवाली रायगढ़ में वर्ष 2006 से भारतीय दण्ड संहिता के विभिन्न अपराध पंजीबद्ध है। इसी तरह चाहत शुक्ला उर्फ आदित्य 2017 से लगातार गाली गुफ्तार, लड़ाई झगड़ा, मारपीट व हत्या के प्रयास संबंधी अपराध करते आ रहा है।

# लंबित आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण : सीईओ




**कोरिया(विश्व परिवार)।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ आषुतोष चतुर्वेदी ने विभिन्न विभागों में लंबित आवेदनों के की समीक्षा करते हुए समय-सीमा में निराकरण करने तथा उच्च न्यायालय के प्रकरणों में समय पर जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। डॉ चतुर्वेदी ने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, जल जीवन मिशन, धान का उठाव, खाद-बीज, नीति आयोग, आदि प्रमुख विषयों की समीक्षा की। उन्होंने माननीय हाईकोर्ट से प्राप्त लंबित प्रकरणों की जानकारी लेते हुए तत्काल निराकरण के निर्देश दिए। डॉ चतुर्वेदी ने बैठक में जन चौपाल, पीजी पोर्टल एवं जन शिकायत पोर्टल में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण करने के निर्देश दिये। डॉ चतुर्वेदी ने महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी से आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति सुनिष्चित करने तथा समय पर गरम भोजन उपलब्ध कराने के निर्देष दिये। उन्होनें आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए कि ग्रामीणों को आयुष्मान कार्ड की उपयोगिता की जानकारी देने को कहा। बैठक में उन्होनें धुमन्तु पषुओं पर की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए ऐसे पशु पालक जो अपने पशुओं को खुले में छोड़ देते है ऐसे पशु पालकों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए अर्थदण्ड लगाने को कहा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारी से जिला जेल में मरम्मत हेतु स्वीकृत कार्य को शीध्र प्रांरभ करने के निर्देष दिये। डॉ. चतुर्वेदी ने जिला जेल में रहने वाले कैदियों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु डॉक्टरो की नियमित उपस्थिति सुनिष्चित करने के निर्देष मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होनें जिला षिक्षा अधिकारी से शाला प्रवेष उत्सव की जानकारी ली तथा प्रवेष उत्सव कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने को कहा। बैठक में अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम, बैकुंठपुर एसडीएम श्रीमती अंकिता सोम, सोनहत राकेश साहू व संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं प्रभारी कलेक्टर डॉ. आषुतोष चतुर्वेदी के समक्ष 36 लोगों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को लेकर विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किये। उन्होनें सभी आवेदनों पर गंभीरता से समीक्षा करते हुए। संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जल्द निराकरण के निर्देश दिए।

## दो ट्रकों में हुई भिड़ंत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा-चांपा मुख्य मार्ग पर मड़वारानी के निकट आज सुबह दो ट्रकों में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिसमें चालक केबिन में ही फंसा रहा। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और चालक को बड़ी मशक्कत से केबिन से बाहर निकाल कर उपचार हेतु अस्पताल दाखिल कराया, जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक कोरबा की ओर से जा रही कोयला लोड ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 7403 और चांपा की ओर से आ खाली आ रही ट्रक सीजी12 बीएल 4200 में आज सुबह भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में जहां एक ट्रेलर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, वहीं उसका चालक केबिन में फंस गया और बुरी तरह से तपड़ते हुए बेसुध हो गया। मार्ग से गुजर रहे लोगों ने आनन फानन में इसकी सूचना डायल 112 को दी। जिस पर उसके जवाने तत्काल मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे चालक को किसी तरह निकालकर नजदीकी अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जारी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कुसमुंडा में भाजपाईयों ने मनाई डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि भाजपा बाँकी मोंगरा मंडल के वार्ड 61 आदर्श नगर कुसमुंडा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए मनाई। इस अवसर पर युवा मोर्चा में पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विकेश झा ने बतलाया कि डॉक्टर मुखर्जी एक राजनेता के साथ ही चिंतक और विचारक भी थे। उनके द्वारा निर्मित नीतियां आज भी भारतीय जनता पार्टी की मूलभूत विचारधारा में शामिल है। धारा 370 हटाने के लिए उन्होंने पूरे देश में जन आंदोलन चलाया और उनके नेतृत्व में कश्मीर में हुए प्रदर्शन पर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया । मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीकांत जगत ने कहा है कि राष्ट्रीय अस्मिता के अद्वितीय प्रतीक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर शत-शत नमन करते हुए भारत की एकता और अखंडता के लिए उनका बलिदान हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बूथ अध्यक्ष रितेश सिंह ,योगेश दास, गुरदीप सिंह , मंडल महामंत्री रामेश्वर सोनी ,राहुल पटेल ,विनोद हतेल , विधायक प्रतिनिधि अभिषेक पटेल , राम स्वरूप और काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### हसदेव नदी में अज्ञात व्यक्ति का मिला शव

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पाथा गांव में आज सुबह एक शव हसदेव नदी में मिला। उसकी पहचान नहीं हुई है। बांगो पुलिस ने 174 सीआरपीसी के अंतर्गत मर्ग कायम किया है। शव को पीएचसी पोड़ी उपरोड़ा की मर्च्यूरी में रखवाया गया है। बांगो थाना प्रभारी लक्ष्मण खूंटे ने बताया कि अज्ञात मृतक की उम्र 25 वर्ष अनुमानित है। स्थानीय लोगों ने आज नदी में उसे देखा। शव नदी के किनारे मौजूद था। माना जा रहा है कि वह बहते हुए यहां पहुंचा है। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मुआयना किया और कुछ लोगों से पूछताछ की। इस दौरान मृतक के बारे में किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी। माना जा रहा है कि दूसरे क्षेत्र से उसका वास्ता हो सकता है। मृतक के फोटोग्राफ्स और हुलिया आसपास के थाना और चैकी को भेजे गए हैं जिससे उसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके।

### दोपहिया सीट पर घुसा करैत, बाहर निकालकर दी राहत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बारिश के जोर पकडने के साथ ही कोरबा जिले में सांप निकलने की घटनाएं काफी बढ़ गई है,जिससे लोगों की जान खतरे में पड़ रही है।एसईसीएल स्थित हेलीपेड ग्राउंड पर टहल रहे युवक की जान उस वक्त खतरे में पड़ गई जब उसकी बाइक की सीट कव्हर में जहरीला करैत सांप छुपकर बैठा हुआ था। युवक की नजरें जैसे ही सांप पर पड़ी वैसे ही वह दहशत से भर गया और बाइक से दूर जा खड़ा हुआ। इसके बाद सर्पमित्रों को फोन कर मौके पर बुलाया गया,फिर उसका रेस्क्यु कर जंगल में छोड़ दिया गया। सांप के सुरक्षित रेस्क्यु से मौके पर मौजूद सभी लोगों ने राहत की सांस ली।

### कोरबा सिविल लाइन थाना में जंगल राज, रिपोर्ट में मनमानी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सिविल लाइन थाना कोरबा में इन दोनों जंगल राज चल रहा है। अपनों को बचाने के लिए दबाव डालकर समझौता करने से लेकर फर्जी रिपोर्ट दर्ज करने तक की कार्रवाई बेखौफ की जाती है। जानकारी के अनुसार ताजा मामला रामपुर विधानसभा क्षेत्र के एक गांव की आदिवासी युवती से संबंधित है। एक पुलिसकर्मी के साथ युवती का गत दिवस विवाद हो गया था। विवाद के बाद पुलिस कर्मी ने कुछ अन्य के साथ मिलकर युवती की बुरी तरह पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवती एफ आई आर कराने सिविल लाइन थाना पहुंची। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने की जगह दबाव डालकर उसका पुलिस कर्मी से कथित रूप से समझौता करा दिया। उस समय तो युवती थाना से वापस लौट गई, लेकिन अगले दिन सुबह वह फिर थाना पहुंच गई। पुलिस ने मामला बढ़ता देख एफ आई आर दर्ज कर ली, लेकिन युवती से अपनी मनमाफिक रिपोर्ट दर्ज कराई और मामले को कमजोर बना दिया। इससे भी गंभीर बात यह हुई कि सिविल लाइन पुलिस ने उक्त युवती के खिलाफ एक बच्ची के अपहरण का अपराध दर्ज कर दिया। बताया जा रहा है कि युवती को पाक्सो एक्ट के प्रकरण होने के कारण जेल जाना पड़ा है। वरिष्ठ भाजपा नेता और प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने युवती के परिजनों से शिकायत मिलने के बाद मामले से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को अवगत कराया है और कार्रवाई की मांग की है।

दैनिक
# विश्व परिवार
## विचार-पक्ष
रायपुर गुरूवार 27 जून 2024
www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संपादकीय

# लोकप्रिय सरकार का गठन होगा....

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में थे। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनका कश्मीर का यह पहला दौरा है। आतंकी हमलों के बीच मोदी का कश्मीर दौरा  काफी अहम माना जा रहा है। उन्होंने अपने भाषण में आतंकवादियों को कड़ा संदेश दिया। पिछले दिनों यहां लगातार चार आतंकी हमले हुए जिन्होंने सुरक्षा बलों और गृह मंत्रालय की चिंता बढ़ा दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवादियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को सबक सिखाने में हिचकिचाएंगे नहीं। लोक सभा का चुनाव यहां शांतिपूर्ण हुआ और लोगों ने उत्साह के साथ मतदान में भाग लिया। जाहिर है इसके कारण मतदान प्रतिशत में भारी इजाफा हुआ। अलगाववादियों और आतंकवादियों को यह पसंद नहीं आया और उन्होंने एक के बाद एक हमले किए जिनमें तीर्थयात्री भी शामिल थे। वास्तव में आतंकी विश्व जनमत को संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में सबकुछ सामान्य नहीं है। संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद पहली बार प्रदेश में लोक सभा के चुनाव हुए। इस चुनाव में लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए जिस उत्साह से घरों से बाहर निकले उससे प्रधानमंत्री मोदी भी उत्साहित हुए। उन्होंने कहा कि सबको बांटने वाले अनुच्छेद 370 की दीवार अब गिर चुकी है। वास्तव में 5 अगस्त, 2019 का ऐतिहासिक दिन कश्मीर और समूचे भारतवासियों के लिए बंदिशों से आजादी का दिन था। अब यहां पर्यटक बेखौफ होकर आ रहे हैं। युवा वर्ग अपने करियर के बारे में जागरूक हो गया है। अनुकूल वातावरण को देखकर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रदेश में जब भी विधानसभा के चुनाव होंगे और इस केंद्रशासित प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा। उन्होंने कश्मीर के बारे में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नजरिये 'इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत' को याद करते हुए कहा कि इसे हम हकीकत में बदलते हुए देख रहे हैं। उम्मीद की जानी चाहिए कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव जल्द होंगे और लोकप्रिय सरकार का गठन होगा।

# सेंसेक्स और आर्थिक अहमियत की ऊंचाई

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

हम उम्मीद करें कि प्रधानमंत्री मोदी महंगाई नियंत्रण और रोजगार वृद्धि को अधिक प्राथमिकता देते हुए एक ऐसी मजबूत सरकार को आगे बढ़ाते हुए दिखाई देंगे जो गरीब कल्याण व सामाजिक न्याय के ऊंचे प्रतिमानों से आम आदमी की मुस्कुराहट बढ़ा सकेगी इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों और आर्थिक संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई गठबंधन सरकार के द्वारा आर्थिक नीतियों, आर्थिक सुधारों और विकास की डगर पर तेजी से आगे बढने् के रणनीतिक कदमों से भारत की विकास दर में वृद्धि, शेयर बाजार की नई ऊंचाई तथा वैश्विक परिदृश्य पर भारत की आर्थिक अहमियत बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। जहां एक ओर हाल ही में 18 जून को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी फिच ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत के विकास दर अनुमान को 7 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है और 20 जून को बीएसई सेंसेक्स 77479 अंकों की सर्वकालिक नई ऊंचाई पर बंद हुआ है और अब कुछ घट-बढ़ के साथ शेयर बाजार की अच्छी संभावनाएं बनी हुई हैं, वहीं दूसरी ओर पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच इटली में आयोजित जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष रूप से आमंत्रित भारत की प्रभावी अहमियत दिखाई दी है और यूरोपीय देशों ने भारत को प्राथमिकता दिए जाने के संकेत दिए हैं। गौरतलब है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने भी भारत के शेयर बाजार और भारत की विकास दर के बढ़ते नए अनुमान प्रस्तुत किए हैं। कहा गया है कि बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए की जीत का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि नीतिगत सुधार जारी रहेंगे। इससे अगले पांच वर्षों के दौरान विकास और इक्विटी रिटर्न प्रभावित होगी। रेटिंग एजेंसी का मानना है कि सरकार महंगाई की आक्रामकता पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। मूडीज ने अगले एक वर्ष में भारतीय शेयर बाजारों का प्रदर्शन सकारात्मक रहने का अनुमान जताया है और कहा है कि अगले 12 महीनों के दौरान बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 82



हजार के स्तर के पार जा सकता है और इसमें मौजूदा स्तर से 14 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इन सबके साथ-साथ रिपोर्ट में आने वाले दिनों में और अधिक संरचनात्मक सुधारों की उम्मीद की गई है। कहा गया है कि 2025-26 तक आय वृद्धि पूर्वानुमान के साथ कंपनियां बेहतर प्रदर्शन करेंगी, जो आम सहमति से 500 आधार अंक या पांच प्रतिशत अधिक है। इतना ही नहीं, दुनिया में अगला दशक भारत का होगा। वैश्विक वृद्धि में भारत की भागीदारी करीब 20 प्रतिशत होगी। दुनिया भर में भारत की सेवाओं और वस्तुओं की बढ़ती मांग से इसमें मदद मिलेगी। इससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग में वृद्धि होगी। साथ ही देश के उन्नत डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय शेयर बाजार की ऊंचाई का लाभप्रद नया रिकॉर्ड बना है। जहां भारत के प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण अब बढक़र 5.21 ट्रिलियन डॉलर हो गया है, वहीं हांगकांग के शेयर बाजार का पूंजीकरण घटकर 5.17 ट्रिलियन डॉलर रह गया है। ऐसे में भारत ने बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को एक बार फिर पछाड़ दिया है और दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है। स्थिति यह है कि देश की नई सरकार से देश और दुनिया में विकास व सुधारों की उम्मीद बढ़ी है। पिछले दिनों दुनिया की प्रसिद्ध क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसऐंडपी ने भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई एनडीए गठबंधन सरकार की वैश्विक आर्थिक अहमियत पिछले दिनों 13 से 15 जून के बीच एक बार फिर दुनिया के सात प्रमुख विकसित देशों के समूह जी-7 के शिखर सम्मेलन में दिखाई दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इटली में आयोजित जी-7 देशों की 50वीं शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत उन 12 देशों और पांच संगठनों में शामिल था जिन्हें इटली में जी-7 कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में जी-7 बैठक एक बेहतर वैश्विक मंच साबित हुई है। इस सम्मेलन के दौरान मोदी ने कई प्रभावी बातें कहीं। उन्होंने तकनीकी क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की भी मांग की, साथ ही हरित युग को अपनाने की अपील की है। इस मौके पर उन्होंने दुनिया के प्रमुख नेताओं से जो द्विपक्षीय बातचीत की, उसके भी अच्छे परिणाम दिखे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमिर जेलेंस्की के साथ मुलाकात करके मोदी ने कहा कि यूक्रेन के द्वारा रूस के साथ युद्ध को बातचीत और कूटनीति के जरिए हल करना ही बेहतर है। इस सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इटली, फ्रांस, जापान और इंग्लैंड के राष्ट्र प्रमुखों से द्विपक्षीय वार्ताएं भी की। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि भारत के लिए सबसे ठोस लाभ जी-7 की उस प्रतिबद्धता से उपजा, जिसमें कहा गया कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे (आईएमईसी) को बढ़ावा दिया जाएगा। इस गलियारे के निर्माण की घोषणा गत वर्ष भारत में जी-20 शिखर बैठक के समय की गई थी। जी-7 सम्मेलन में कहा गया है कि खास तौर पर आईएमईसी को मूर्तरूप देने के लिए समन्वय और वित्तपोषण पर जोर दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) परियोजना के तहत सऊदी अरब, भारत, अमेरिका और यूरोप के बीच एक विशाल सडक़, रेलमार्ग और पोत परिवहन तंत्र की परिकल्पना की गई है, ताकि एशिया, पश्चिम एशिया और पश्चिम के बीच जुड़ाव सुनिश्चित किया जा सके। आईएमईसी को समान विचारधारा वाले देशों ने चीन की बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के समक्ष रणनीतिक प्रभाव हासिल करने की पहल के रूप में पेश किया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि जी-7 शिखर सम्मेलन में भारत की बढ़ी अहमियत से चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के मद्देनजर भारत नए वैश्विक आपूर्तिकर्ता देश के रूप में और अधिक उभरकर सामने आएगा। अब नई गठबंधन सरकार निर्यात बढ़ाने और विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने की अच्छी संभावनाएं रखती है। निश्चित रूप से इस समय घटते हुए वैश्विक निर्यात और घटते हुए वैश्विक व्यापार के बीच भारत से माल एवं सेवाओं का कुल निर्यात पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में उच्चतम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 776.68 अरब डॉलर रहा है। यह वित्त वर्ष 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर रहा था। इस समय दुनिया में कृषि निर्यात में भारत का स्थान सातवां है। भारत से करीब 50 हजार डॉलर से अधिक मूल्य का कृषि निर्यात होता है।

## विशेष लेख

# रेल दुर्घटनाओं की रोकथाम कैसे?

**अजय दीक्षित**

छोटी-छोटी रेल दुर्घटनाओं की खबर स्थानीय अखबारों में छप जाती है या लोगों को मालूम ही नहीं होता । रेल सेफ्टी से प्राय- ड्राइवर या अधिकारी खिलवाड़ करते हैं । पिछले दिनों मुरैना-आगरा खण्ड पर जाजौ और मनियां के बीच ड्राइवरों को कॉशन था कि बहुत धीमी रफ्तार से गाड़ी चलायें । फिर भी थ्रू ट्रेनों के ड्राइवर 180 की स्पीड से गाड़ी ले गये । भाग्य से कोई दुर्घटनानहीं घटी ।  पिछले दिनों न्यूजलपाईगुड़ी में कंचन चंपा और मालगाड़ी की टक्कर में बड़ी संख्या में यात्री मरे? । इसके साथ ही रेल कर्मचारियों को भी मौत का सामना करना पड़ा ।   कई साल से चर्चा है कि रेलवे %कवच% नाम से सेफ्टी लगा रहा है और इससे रेल की आपस में टक्कर नहीं हो सकेगी । परन्तु जिस तेजी से हाई स्पीड गाडियां चलाई जा रही हैं और ज्यादा किराये वाली सुविधा युक्त गाडियों का नये-नये नामों से संचालन हो रहा है, उतनी तेजी से %कवच% नहीं लगाया जा रहा है । वह जमाना बीत गया जब रेलमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने रेल दुर्घटना होने पर केन्द्रीय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था ।  यूं वर्तमान रेल मंत्री तुरन्त दुर्घटनास्थल पर पहुंच गये थे परन्तु इससे बचाव के काम में कोई तेजी नहीं आती अपितु रेलमंत्री की सुविधा और सुरक्षा में लगे अधिकारी और कर्मचारी उनके आवभगत में लग जाते हैं तो बचाव कार्य में बाधा ही पड़ती है । नये मंत्रिमंडल के गठन के समय जे.डी.यू. ने रेल मंत्रालय की मांग की थी, उस पर प्रधानमंत्री का कहना था कि जिस तेजी से रेल सेवा का विस्तार और विकास हो रहा है उसमें बहुत सक्षम रेलमंत्री की आवश्यकता है। यदि नितीश कुमार स्वयं रेल मंत्रालय संभालें तो सोचा जा सकता है । वर्तमान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव बहुत कर्मठ और लग्नशील हैं । पिछले कुछ वर्षों में गेज परिवर्तन, तीसरी लाइन, स्टेशनों का विकास और विस्तार रेल सेवा में सुविधा और आराम को लेकर बहुत कुछ किया जा चुका है और आगे भी किया जा रहा है । अब प्रत्येक रेल स्टेशन में स्थानीय उत्पाद की दुकानें खोली जा रही हैं । वेटिंग लिस्ट को कब किया जा रहा है । मध्यम वर्ग व गरीब वर्ग के लिए सस्ती रात्रि कालीन सेवाएं शुरू की जा रही हैं । इसके लिए ऐसे डिब्बों का निर्माण हो रहा है जिसमें ज्यादा स्लीपर होंगे । वंदे भारत ट्रेनों में भी स्लीपर सुविधा का विस्तार किया जा रहा है । परन्तु इन सबसे बढ़कर जो ज्यादा जरूरी है वह है रेल सेवा में सुरक्षा ताकि यात्री को भरोसा हो कि वह सकुशल अपने गंतव्य तक पहुंच जायेगा । न्यूजलपाईगुड़ी में हुए रेल हादसे के समय कहते हैं सिग्नल काम नहीं कर रहे थे और स्टेशन मास्टर की लिखित आज्ञा से ट्रेन बढ़ रह थी । शायद 15 मिनट के अंतराल पर दोनों ट्रेनों को आज्ञा देने से यह हादसा हुआ हो । त्रिपुरा से सियालदह जा रही इस ट्रेन में 10-15 यात्री मारे गये हैं और बड़ी संख्या में यात्री घायल हैं । कहते हैं कि इस ट्रेन का ड्राइवर और मालगाड़ी का गार्ड भी मारा गया है । रेलवे सेफ्टी के अधिकारी अपने काम में लगे हैं परन्तु इससे मरने वाले वापिस नहीं आयेंगे । प्रधानमंत्री जी जैसा ध्यान सभी ओर रखते हैं, उनसे विनती है कि कृपया रेलवे सेफ्टी को लेकर अधिकारियों को कड़ा निर्देश दें ताकि भविष्य में कोई रेल हादसा न हो । सभी की नजऱ प्रधानमंत्री मोदी जी की ओर आशा भरी हैं और भविष्य में सुखद परिणाम ही आयेगा । यूं वर्तमान रेल मंत्री तुरन्त दुर्घटनास्थल पर पहुंच गये थे परन्तु इससे बचाव के काम में कोई तेजी नहीं आती अपितु रेलमंत्री की सुविधा और सुरक्षा में लगे अधिकारी और कर्मचारी उनके आवभगत में लग जाते हैं तो बचाव कार्य में बाधा ही पड़ती है । नये मंत्रिमंडल के गठन के समय जे.डी.यू. ने रेल मंत्रालय की मांग की थी, उस पर प्रधानमंत्री का कहना था कि जिस तेजी से रेल सेवा का विस्तार और विकास हो रहा है उसमें बहुत सक्षम रेलमंत्री की आवश्यकता है। यदि नितीश कुमार स्वयं रेल मंत्रालय संभालें तो सोचा जा सकता है । वर्तमान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव बहुत कर्मठ और लग्नशील हैं ।

# गर्मी के बढ़ते प्रकोप अधिकांश देश त्रस्त

**भारत डोगरा**

जलवायु बदलाव के इस दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप से दुनिया के अधिकांश देश त्रस्त हैं, पर अधिक विकट स्थिति गरीब देशों की है। इसी तरह यदि आंतरिक स्तर पर देखें तो विभिन्न देशों, शहरों और गांवों में गर्मी का सबसे अधिक प्रकोप सबसे निर्धन लोगों को झेलना पड़ता है। बढ़ती गर्मी के द्योतक के रूप में प्राय- तापमान के आंकड़े प्रस्तुत किए जाते हैं और ये हमें काफी निश्चित तौर पर बताते हैं कि बहुत से स्थानों पर हाल के वर्षो और दशकों में गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। तिस पर जहां हरियाली कम हुई है, सीमेंट-कंक्रीट का जाल बढ़ा है, वहां बढ़ती गर्मी का असर और भी घातक रूप में नजर आ रहा है। इस बारे में अनेक अध्ययन भी उपलब्ध हैं। दूसरी ओर, गर्मी के बढ़ते प्रकोप का एक ऐसा पक्ष भी है जो अति महत्तपूर्ण होते हुए भी अपेक्षाकृत उपेक्षित है। यह है आर्थिक-सामाजिक विषमता का पक्ष। जिस समाज, नगर या गांव में अधिक विषमता और अधिक असमानता होगी, वहां ऐसे साधनहीन परिवारों का प्रतिशत भी अधिक होगा जो जलवायु बदलाव के दौर में बढ़ती गर्मी के प्रकोप और अन्य तरह के प्रतिकूल मौसम के दुष्परिणामों को सहने में कम सक्षम हैं। जहां गर्मी के बढ़ते प्रकोप और लू के थपेड़ों के बीच साधन-संपन्न व्यक्ति अपने बचाव और आराम के विभिन्न उपाय करने में समर्थ है, वहां निर्धन परिवारों के लिए यह संभव नहीं है और अनेक दिहाड़ी मजदूर परिवार के लिए रोटी और बुनियादी जरूरतों की व्यवस्था के लिए घोर गर्मी में भी मजदूरी ढूंढने के लिए मजबूर हैं। यह स्थिति गांवों और शहरों, दोनों जगह देखी जा सकती है। पुरुष ही नहीं, अनेक स्थानों पर तो महिला मजदूर भी गर्मी का बहुत प्रकोप झेल रही हैं। जहां किसानों और स्व-रोजगार वालों के लिए कम से कम यह संभव है कि वे अपने काम के घंटों को गर्मी से बचाव की दृष्टि से बदल लें, पर अनेक मजदूरों के लिए यह निर्णय भी अपने स्तर पर लेना संभव नहीं है। अत- यह बहुत जरूरी है कि विशेषकर खुले क्षेत्र में और अधिक गर्मी की स्थिति में कार्य करने वाले मजदूरों की रक्षा के लिए विशेष कदम सरकार उठाए। देश में गर्मी के अधिक प्रकोप के रूप में चर्चित क्षेत्रों में बुदेलखंड का नाम विशेष तौर पर लिया जाता है। यहां तापमान बहुत ज्यादा रहा है और कई दिनों तक लगातार 42 सेंटीग्रेड से 49 सेंटीग्रेड के बीच रहा। इसके अतिरिक्त, नदियों और अन्य जल-स्रेतों के सिकुड़ने या लुप्त होने, अंधाधुंध बालू और पत्थर के खनन, वृक्षों की कटाई, सिमटते वनों के कारण भी इस क्षेत्र में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। घर-घर में नल तो लग गए हैं पर इसके बावजूद जल-संकट तो बना हुआ है।इस क्षेत्र में गर्मी के विकट प्रकोप के दिनों में जब हाल ही में यह लेखक दूर-दूर के गांवों में गया तो यही सच्चाई बार-बार उभर कर सामने आई कि जहां सामाजिक विषमता और अन्याय है, दबंगी और सामंतशाही का असर अधिक है, वहां एक ओर तो सामान्य समय में ही निर्धन और जनसाधारण अधिक समस्याओं से त्रस्त होते हैं और गर्मी के बढ़ते प्रकोप और प्रतिकूल मौसम के दौर में उनकी समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। जब सुबह 9-10 से ही गर्मी बहुत बढ़ने लगती थी तो खुले में निर्माण कार्य या कृषि कार्य दिन-भर करने की हिम्मत कोई कैसे जुटा सकता है? तिस पर यदि दोपहर में छाया में विश्राम और ठंडे पानी की सुविधा भी सही ढंग से उपलब्ध न हो तो स्थिति और भी विकट हो जाती है। फिर भी मजबूरी में, पेट भरने के लिए बहुत विकट स्थितियों में भी मजदूरी जारी रहती है। प्राय- शहरों के दिहाड़ी मजदूरों को नाकों या चौकों पर बहुत समय तक गर्मी में मजदूरी का इंतजार करना पड़ता है, तभी उनको दिहाड़ी के कार्य पर लिया जाता है। अनेक मजदूर आसपास के गांवों से भी शहरों में दिहाड़ी की मजदूरी के लिए जाते हैं, फिर चाहे गर्मी का प्रकोप कितना भी अधिक हो। ऐसा ही एक मात्र 18 वर्ष का बहुत सीधा-सादा दलित भूमिहीन युवक रत्नेश जब जून के प्रथम सप्ताह में अपने गांव से बांदा नगर की ओर मजदूरी के लिए जा रहा था, तो उसे गांव के दबंगों ने इस आधार पर रोका-टोका और गाली-गलौज की कि उसे उनके यहां मजदूरी करने के लिए मजबूरन जाना पड़ेगा। जब रत्नेश ने कहा कि वह उनके यहां नहीं जा सकता है तो पत्थरों से हमला कर उसे बेहद निर्दयता से मार दिया गया। इस तरह की बेहद दर्दनाक घटनाओं से पता चलता है कि आज भी सबसे निर्धन परिवारों पर सामंतशाही कितना जोर-जुल्म करती है। गर्मी का प्रकोप बढ़ जाने पर जब मजदूर मिलने में कठिनाई होने लगती है जो मजदूर प्राप्त करने के लिए इस तरह की जोर-जबरदस्ती और दबाव भी बढ़ सकते हैं। जलवायु बदलाव और बढ़ते ताप पर दुनिया भर में विमर्श तेज हो रहा है। पर इस विमर्श में न्याय और विषमता के महत्त्वपूर्ण मुद्दों को समुचित स्थान नहीं मिल रहा है। अब समय आ गया है कि इन मुद्दों में समता और न्याय का समुचित समावेश हो। विशेषकर गर्मी के प्रकोप के संदर्भ में देखें तो स्पष्ट नीति बननी चाहिए कि जो मजदूर और मेहनतकश गर्मी के प्रकोप से सबसे अधिक संकटग्रस्त हैं और उनकी विशेष सहायता के लिए असरदार कदम उठाए जाएं और उन्हें कार्यस्थल पर गर्मी से बचाव की जरूरी सुविधाएं उपलब हों। केवल निर्देश जारी करना भर पर्याप्त नहीं है। कई बार सरकारी निर्देश जारी हो जाते हैं पर जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। यह बहुत से लोगों के जीवन का सवाल है और इसलिए इस बारे में तो असरदार कार्यवाही होनी ही चाहिए। शहरी संदर्भ में देखें तो बेघर लोगों की सहायता के लिए अधिक प्रयास जरूरी हैं। पहले बेघरों की समस्याओं को मुख्य रूप से अधिक सर्दी के दिनों के संदर्भ में समझा गया और उनके आश्रय के लिए विश्व अभियान भी सर्दी के दिनों में ही चलते रहे पर जिस तरह की भीषण गर्मी का प्रकोप अब देखा जा रहा है, तो बेघर लोगों के लिए या गांव से कुछ समय के लिए शहर आए लोगों के लिए गर्मी के दिनों में भी रात हो या दोपहर, आश्रय स्थलों की जरूरत है। देश के बड़े भाग में अधिक सर्दी तो अब चंद सप्ताहों तक सिमट कर रह गई है, जबकि अधिक गर्मी का प्रकोप वर्ष के अधिकांश समय में छाया रहता है।

# पाकिस्तान की आर्थिकी गधों के भरोसे

**योगेंद्र योगी**

पाकिस्तान हर साल चीन को करीब पांच लाख गधे बेचता है और एक गधे की कीमत 15-20 हजार रुपए होती है। पाकिस्तान सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था में मदद करने के लिए गधों का निर्यात करने के इरादे से पंजाब प्रांत के ओकारा जिले में 3000 एकड़ से अधिक का एक फार्म भी स्थापित किया था। गधों की सबसे ज्यादा आबादी चीन में है। जिनपिंग के देश चीन में 90 लाख से ज्यादा गधे हैं। चीन पहले अपने गधों का स्टॉक नाइजर और बुर्किना फासो से आयात करता था, लेकिन अब वह पाकिस्तान से गधे मंगा रहा ह भारत नित नई टेक्नोलॉजी और अन्वेषण के जरिए अर्थव्यवस्था की तरक्की के परचम विश्व में फहराए हुए है, वहीं दुश्मनी का भाव रखने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था गधों के भरोसे टिकी हुई है। भारत को परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और रोजगारी गधों के भरोसे चल रही है। गधों की तादाद पाकिस्तान में बढ़ रही है। यह बढ़ती हुई तादाद पाकिस्तान के रोजगार के लिए प्राणवायु बनी हुई है। भारत जहां अपनी अर्थव्यवस्था में लगातार छलांग लगा हुए विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, वहीं पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराई हुई है। पाकिस्तान आतंकी पालने, गरीबी, कंगाली के लिए विश्व में बदनाम है। गरीबी की हालत यह है कि पाकिस्तान को कर्ज चुकाने के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है। इस हालत में गधे पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का सहारा बने हुए हैं। पाकिस्तान में गधा पालन प्रमुख मवेशी पालन बना हुआ है। इसी वजह से पाकिस्तान में हर साल गधों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। पाकिस्तान में हाल ही में साल 2023-24 का



इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। सर्वे में कई आंकड़े सामने आए, लेकिन चुंबक की तरह सबसे ज्यादा ध्यान खींचा गधों की आबादी के आंकड़ों ने। पाकिस्तान में गधों की संख्या लगभग एक लाख बढ़ी है। कुल गधों की संख्या अब 59 लाख के आसपास बताई जा रही है। सर्वे में यह भी बताया गया कि पाकिस्तान में गधों की संख्या में तो इजाफा हुआ है, लेकिन जीडीपी के निर्धारित लक्ष्य पीछे रह गए हैं। दुनिया में गधों की तीसरी सबसे बड़ी आबादी पाकिस्तान में है, जो इन जानवरों को चीन को निर्यात करके पैसा कमाने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने 11 जून को 2023-24 का इकोनॉमिक सर्वे पेश किया। सर्वे के अनुसार पिछले कुछ वर्षों के दौरान भार ढोने वाले गधों की आबादी देश में लगातार बढ़ी है। साल 2019-2020 में पाकिस्तान में गधों की संख्या 55 लाख के आसपास थी। वर्ष 2020-21 में यह बढक़र 56 लाख हो गई। 2021-22 में देश में 57 लाख गधे थे। वहीं 2022-23 में इनकी संख्या 58 लाख थी। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। देश में 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन का काम करते हैं। गधों के आंकड़ों से इतर इकोनॉमिक सर्वे में पाकिस्तान की जीडीपी के आंकड़े भी बताए गए। रिपोर्ट के अनुसार सर्वे से पता चला कि पाकिस्तान 2023-24 वित्तीय वर्ष के अपने ग्रोथ रेट के लक्ष्य से पिछड़ गया। देश ने जीडीपी में 2.38 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की है, जबकि टारगेट 3.5 प्रतिशत ग्रोथ का था। रिपोर्ट में बताया गया कि ऐसा इंडस्ट्री और सर्विस सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण हुआ है। इकोनॉमिक सर्वे के आंकड़ों के मुताबिक पाकिस्तान में कृषि के क्षेत्र में सबसे ज्यादा ग्रोथ देखने को मिली है, जिसने 6.25 प्रतिशत की वृद्धि की है, जबकि लक्ष्य 3.5 प्रतिशत का रखा गया था। औद्योगिक क्षेत्र में ग्रोथ 1.21 प्रतिशत रही, जबकि सर्विस सेक्टर ने 1.21 प्रतिशत की ग्रोथ हासिल की। कृषि क्षेत्र में मजबूत ग्रोथ देखने को मिली, जो कि पिछले 19 सालों में सबसे अधिक है। देश में राजकोषीय घाटा 3.7 प्रतिशत दर्ज किया गया। यह पिछले साल के बराबर रहा। वहीं व्यापार घाटा 4.2 प्रतिशत बना रहा। प्रति व्यक्ति आय की बात करें तो पिछले वर्ष के एक लाख 24 हजार रुपए की तुलना में यह लगभग 10 हजार रुपए बढ़ी है। यह अब एक लाख 34 हजार रुपए हो गई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार घाटे में चल रहे सरकारी उद्यमों को अपने नियंत्रण से बाहर करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार राष्ट्रीय विमान सेवा, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस का निजीकरण करने का प्लान बना रही है। पीईएस में जारी आंकड़ों से पता चलता है कि बोझ ढोने वाले जानवरों में घोड़े और खच्चरों की संख्या में पिछले पांच वर्षों में कोई खास बदलाव नहीं आया है तथा यह क्रमश: चार लाख और दो लाख है। गधे कई पाकिस्तानियों की आखिरी उम्मीद हैं। खास करके उन लोगों के लिए जो ग्रामीण इलाकों में रहते हैं। ग्रामीण इलाकों में अर्थव्यवस्था इन जानवरों के साथ गहरे से जुड़ी हुई है। पाकिस्तान के वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब द्वारा जारी किए गए इस सर्वेक्षण में अन्य पशुधन का भी ब्यौरा दिया गया है। देश में ऊंटों की संख्या जो पिछले चार वर्षों से स्थिर थी, अब बढ़ गई है। इनकी संख्या पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 11 लाख से बढक़र 12 लाख हो गई है। पशुपालन पाकिस्तान की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। 80 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार पशुधन उत्पादन में लगे हुए हैं। पाकिस्तान के सीनेटर अब्दुल कादिर का कहना है कि चीनी राजदूत ने पाकिस्तान से कई बार मांस का निर्यात करने को कहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रेया दीदी की होगी जैनेश्वरी दीक्षागणिनी आर्यिका ज्ञानमती माताजी द्वारा 22 जुलाई को होगी दीक्षा, एक परिचय श्रेया दीदी


**रामगंजमंडी ( विश्व परिवार )।** 27 अप्रैल 1991 को फ़िरोज़ाबाद नगर में श्री धर्मचंद -सुलोचना जैन के यहां श्रेया दीदी का जन्म हुआ था।



आपके तीन बहनें और एक भाई है। बचपन से ही आप हंसमुख स्वभाव की होनहार बालिका थी। आपने एम.कॉम तक की पढ़ाई की। आपबी प्रज्ञा श्रमण मुनि अमित सागर जी महाराज के दर्शन कर उनसे बहुत प्रभावित हुई। महाराज श्री के सानिध्य में शिकोहाबाद पंचकल्याणक में बाह्मी सुंदरी नाटक से इनमें वैराग्य के भाव उपज गए। अमित सागर जी महाराज के आशीर्वाद और प्रेरणा से आपने गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी से हस्तिनापुर में 7 जुलाई 2014 को ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया तथा बाद में सप्तम प्रतिमा के व्रत लेकर आप माताजी के पास धार्मिक शिक्षा गुरुसेवा वैयावृत्ति में संलग्न है। आपके भाई मोहित भैया प्रज्ञा श्रमण मुनि श्री अमित सागर जी महाराज के संघ में दिन रात संघ के साधुओं की सेवा तथा पूरे संघ की व्यवस्था देखते हैं। श्रेया दीदी की लगन और योग्यता से प्रभावित होकर ज्ञानमती माताजी ने इन्हें जैनेश्वरी दीक्षा देने की स्वीकृति दी है। श्रेया दीदी की जैनेश्वरी दीक्षा 22 जुलाई 2024 को भगवान श्री आदिनाथ और भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या नगरी में गणिनी प्रमुख ज्ञानमती माताजी के करकमलों से प्रदान की जाएगी। **-अभिषेक जेन लुहाड़िया**

### शब्दों के अर्थ कैसे बदलना है, इसमें सब माहिर है : आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी

**औरंगाबाद/हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** भारत गौरव साधना महोदधि सिंहनिष्कड़ित व्रत कर्ता अन्तर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न



सागर जी महाराज एवं सौम्यमूर्ति उपाध्याय 108 श्री पीयूष सागर जी महाराज ससंघ का पदविहार कुलचाराम हैदराबाद की अहिंसा संस्कार पदयात्रा चल रहा है विहार के दौरान भक्तौ हैदराबाद के जैन मंदिर मे प्रवचन में कहा कि शब्दों के अर्थ कैसे बदलना है, इसमें सब माहिर है। इसलिए मुंह में जुबान तो सब रखते हैं, मगर कमाल तो वो करते हैं, जो इसको संभाल कर उपयोग करते हैं। तभी तो रिश्ते गलती से नहीं, हमारी एक गलत फहमी से टूट जाते हैं।और आज इंसान बातें वहीं क्लियर करता है जहाँ उसे रिश्ता रखना होता है, वरना लोग तो कहते ही हैं- अच्छा हुआ जान छूटी। आज के समय में बहुत जरूरी हो गया है कि सम्बन्धों को बचाने के लिये, हम अपने शब्द कोश पर सोच विचार करें, और छोटे, ओछे, झूठे, तीखे, कटाक्ष, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या भरे शब्दों का इस्तेमाल ना करें, सभ्य होने के नाते। क्योंकि दिल से नाजुक नहीं कोई चीज मित्रो... लफ्ज़ का वार भी खंजर की तरह लगता है। **-पियुष कासलीवाल, नरेंद्र अजमेरा**

### जैन साध्वी श्री शशिप्रभा श्री जी का सड़क दुर्घटना में निधन, छत्तीसगढ़ जैन समाज में शोक की लहर

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री मणिप्रभ सूरीश्वर म. सा. की आज्ञानुवर्तिनी परम पूज्या प्रवर्तिनी महोदया श्री सज्जन श्री जी महाराज



साहब की सुशिष्या परम पूज्या प्रवर्तिनी महोदया बंगदेश उद्धारिका श्री शशिप्रभा श्री जी महाराज का आज प्रात: 5:30 बजे सड़क दुर्घटना में कालधर्म हो गया है। यह दुर्घटना बंगाल के पांशकुड़ा, कोलाघाट में हुई है। यह स्थान खड़गपुर से 40 किलोमीटर है। इस सुचना से पुरे देश में शोक की लहर फ़ैल गई है। पूज्य श्री शशिप्रभा श्री जी म सा ने छत्तीसगढ़ में विचरण कर जैन धर्म की प्रभावना की, वर्ष 2000 रायपुर में आपका साध्वी समुदाय के साथ सफल प्रभावक चातुर्मास हुआ था। प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवर्या श्री का डोल यात्रा एवं अंतिम संस्कार कल 27 जून प्रात: 9 बजे खड़गपुर में किया जायेगा। गुरूवर्या श्री की सुशिष्या वरिष्ठ साध्वी श्री सम्यग्दर्शना श्री जी आदि ठाणा खड़गपुर में विराजमान हैं। दुर्घटना में छोटी साध्वी जी महाराज एवं व्हील चेयर चलाने वाली गिरिजा बहन को काफ़ी चोट आई है जिनका अभी C.M.R.I. हॉस्पिटल, कोलकाता में उपचार चल रहा है, I.C.U. में भर्ती हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पपू प्रवर्तिनी महोदया श्री शशिप्रभाश्रीजी मसा का सड़क दुर्घटना में पांसकुड़ा, कोलाघाट के पास देवलोक होना जिनशासन व गच्छ के लिए बहुत बड़ी क्षति उसकी पूर्ति करना सम्भव ही नही है।

## मुनि श्री वीर सागर जी महाराज ससंघ का विदिशा में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज के शिष्य एवं नवाचार्य समयसागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज ससंघ का विदिशा में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। धर्म नगरी विदिशा में स्थान स्थान पर बंधनवार एवं रांगोली से सजाया गया था श्री धर्मनाथ दिगम्बर जैन मंदिर बंटीनगर से मुनिसंघ की शोभायात्रा विद्यासागर दिव्यघोष के साथ प्रारंभ हुई जो कि ओव्हरब्रिज से होती हुई खरीफाटक रोड़ के जिनालयों के दर्शन कर माधवगंज स्थित श्री शांतिनाथ जिनालय पहुंचे एवं दर्शन कर माधवगंज चौराहे पर विशाल पांडाल में धर्म सभा संपन्न हुई।



प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया धर्मसभा से पूर्व मंगलाचरण एवं पादप्रछालन का सौभाग्य संजय मामा परिवार को मिला वंही शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य मुनि श्री मेघदत्त सागर महाराज के गृहस्थ जीवन के पुत्रअभिषेक जैन तथा अशोक जैन सागर परिवार द्वारा प्रदत्त किये गये इस अवसर पर श्री सकल दिगम्बर जैन समाज, श्री शीतल विहार न्यास, मुनिसेवक संघ सहित नगर के सभी जिनालयों के पदाधिकारीओं समस्त महिला मंडल, समग्र पाठशाला की शिक्षाकाये एवं बच्चों ने विदिशा नगर में चातुर्मास हेतु श्रीफल समर्पित कर निवेदन किया। इस अवसर पर मुनि श्री ने विदिशा को विशिष्ट दिशा बताते हुये कहा कि जिस भूमी स्वं भगवान अवतरित हुये हों जंहा इस युग के साक्षात भगवन स्वरूप आचार्य गुरुदेव के चरण एक बार नहीं वल्कि पांच बार पड़े एवं जिस शीतलधाम की भूभी पर चातुर्मास एवं भगवान के पंचकल्याणक संपन्न हुये हों वह पवित्र भूमी की रज रज पवित्र है ऐसी पवित्र भूमी पर 2008 में गुरुदेव के साथ तथा 2014 में गुरुदेव की आज्ञा से विदिशा आया था एवं दस वर्ष पश्चात 2024 में पुन्हा आगमन हुआ है। मुनि श्री ने विदिशा बासिओं को आशीर्वाद देते हुये कहा कि आप सभी अपनी पांचों उंगलियों को समेट कर मुट्ठी बंद कर शीतलधाम के निर्माण को गति प्रदान कीजिये।आगे की कार्यक्रम के संद्रभ में कहा कि जैसी गुरुदेव की आज्ञा होगी उस अनुसार कार्यक्रम निर्धारित होगा।प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनि श्री वीरसागर जी महाराज स संघ श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेसन जैन मंदिर में विराजमान है। मुनिश्री के द्वारा कल 27 जून से प्रात:5 बजे से 5:30 तक मेडीटेशन कराया जाऐगा तपश्चात यंहा से शीतलधाम की ओर रवाना होंगे एवं भगवान आदिनाथ वर्री बाले बाबा के चरणों का अभिषेक एवं शांतिधारा उपरांत 8-15 से प्रात: प्रवचन स्टेसन जैन मंदिर में होंगे एवं दौपहर में तीन बजे स्वाध्याय कक्षा एवं सायंकाल6 बजे आचार्य भक्ती सहित सभी कार्यक्रम अगली सूचना तक स्टेसन जैन मंदिर मे रहेंगे। **-अविनाश जैन**

### मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर 251 वृक्षों का रोपण किया जाएगा

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** 27 जून को संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर श्री दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र उदयगिरि विदिशा में पर्यावरण विशुद्धि के उद्देश्य को लेकर 251 वृक्षों का रोपण किया जाऐगा दयोदय महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया कि बदलते हुये मौसम के साथ बृक्षारोपण का समय भी आ गया है इस समय यदि वृक्षारोपण किया गया तो



हम भविष्य में शुद्ध वायु को प्राप्त कर सकेंगे। इसी उद्देश्य को लेकर दयोदय महासंघ ने समस्त गौ शालाओं के साथ साथ नगर के उद्यानों कालेज तथा स्कूल प्रवंधन से भी अनुरोध किया है कि वह अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें जिससे बातावरण में शुद्धि आ सके इसी उद्देश्य को लेकर विदिशा नगर में मुनिश्री के 57 वर्ष पूर्ण करने के उपलक्ष्य में 5700 वृक्षों का रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है।27 जून गुरूवार को दोपहर में 12:30 बजे से श्री विद्यासागर गौ शाला में 251 वृक्षारोपण कर शुरुआत की जाऐगी जो कि आगे अनवरत जारी रहेगी दयोदय गौ संवर्धन केन्द्र उदयगिरि अपने समस्त गौ भक्तों तथा पर्यावरण प्रेमिओं के साथ गौ शाला में सभी को आमंत्रित कर पधारने की अपील करता है।

## जल से शरीर का मेल दूर होता है, धर्म ध्यान से आत्मा में लगे कर्म रुपी मेल दूर होते हैं : आचार्य श्री वर्धमान सागर जी



**बांसवाड़ा ( विश्व परिवार )।** पंचम पट्टाधीश आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ सहित खांदू कॉलोनी में 48 साधुओं सहित विराजित हैं। आचार्य श्री वर्धमान सागर जी संघ सानिध्य में प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवती आचार्य श्री शांति सागर जी का 152 वा अवतरण वर्ष वर्धन आषाढ़ कृष्णा 6 कृष्ण 27 जून को पूर्ण श्रद्धा एवम भक्ति ,गुणानुवाद विशेष पूजन से मनाया जावेगा। पारसनाथ भगवान जिनालय में दर्शन शांति धारा के बाद आयोजित धर्म सभा में वात्सल्य वारिधी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज ने बताया कि वर्तमान भरत क्षेत्र में आदिनाथ भगवान से लेकर महावीर स्वामी 24 तीर्थंकरों ने धर्म तीर्थ का प्रवर्तन किया है। जीवन में धर्म को धारण करने से कर्मों का प्रक्षालन होता है। भगवान श्री पारसनाथ ने भी धर्म तीर्थ का प्रवर्तन किया उन्होंने मुनिधर्म का मार्ग दिखाया। नदी सरोवर के किनारे खड़े होने से शरीर का मेल दूर नहीं होता हे उसके लिए पुरुषार्थ कर सीढ़ियां उतर कर जल में जाना होता है तब जल में स्नान से मेल दूर होता है।इसी प्रकार आत्मा में लगे कर्म रूपी मेल धर्म ध्यान करने से दूर होते हैं। इसलिए प्रभु के दर्शन ,अभिषेक ,पूजन ,भक्ति स्वाध्याय के बाद जाप करना चाहिए। जीवन में दुख कष्ट से घबराना नहीं चाहिए भगवान पारसनाथ की जीव ने भी 10 तक कष्ट उत्सर्ग सनकी एक मटके जीव ने 10 भव मैं उपसर्ग कष्ट समता पूर्वक सहन किया।

पारसनाथ भगवान ने भी मुनि दीक्षा धारण कर संयम तप से कर्मों की निर्जरा की। संयम से केवलज्ञान प्राप्त कर ध्यान से सम्मेद शिखर जी स्वर्ण कूट से सिद्ध अवस्था प्राप्त की।ब्रह्मचारी गज्जू भैया समाज सेठ अमृत लाल अनुसार आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने आगे बताया कि सभी प्राणियों में सिद्ध बनने की शक्ति है पुरुषार्थ कर क्षमता में वृद्धि करना चाहिए। धर्म से कर्मो की निर्जरा कर नवीन कर्मो को रोक कर संवर कर परमात्म पद पाने की यात्रा कर सकते हैं आत्मा में परम सुख पाने की क्षमता हैं धर्म से भगवान के दर्शन भक्ति अभिषेक पूजन आदि धार्मिक क्रियाओं से जीवन को मंगलमय बनाने का पुरुषार्थ कर मानव जीवन को सफल बनाएं। **-राजेश पंचोलिया**

## पद्मश्री कैलाश मड़बैया के काव्य में बुन्देलखण्ड जीवन्त हो उठता है : मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी

**भोपाल ( विश्व परिवार )।** अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड साहित्य एवं संस्कृति परिषद के तत्वावधान में 25 जून 2024 मंगलवार को भोपाल में सम्पन्न, प्रतिष्ठित कवि पद्म श्री कैलाश मड़बैया के 81वें जन्मोत्सव पर पारम्परिक रुप से मनाये जाने वाले 'बुन्देलखण्ड दिवस' के उद्घाटन अवसर पर, संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि 'पद्म श्री कैलाश मड़बैया के काव्य में





बुन्देलखण्ड जीवन्त हो उठता है'। बुन्देली समारोह की अध्यक्षता करते हुये मनोज श्रीवास्तव पूर्व प्रमुख सचिव आइएएस ने श्री मड़बैया जी को जत्मोत्सव की बधाइयां दीं। उल्लेखनीय है कि विख्यात साहित्यकार कैलाश मड़बैया का जन्मदिवस परम्परा से बुन्देलखण्ड दिवस के रुप में मनाया जाता है। उनका 81वॉ जन्म दिन राजधानी में अत्यन्त उत्साह से मनाया गया और संस्कृति मंत्री एवं अनेकानेक साहित्सकारों ने अंगवस्त्र, श्रीफल, मणिमाल आदि से अभिनन्दन किया। अनिता कुशवाहा ने केक कटवाया, पंडित प्रवेन्द्र जैन ने मंत्रोच्चार किये और डॉ.कामिनी ने संचालन किया। बुन्देलखण्ड के हर जिले से आये साहित्यकारों ने बुन्देली में आलेख पाठ किया व कवि सम्मेलन में काव्य पाठ किया। समारोह में सागर से आये प्रहलाद कुर्मी एवं नृत्यांगनाओं ने बुन्देली नृत्य राई प्रस्तुत कर समा बांधा। पद्म श्री कैलाश मड़बैया ने सभी का आभार ज्ञापित कर कहा कि सभी को अपनी जड़ों से जुड़े रहना चाहिये। हमारे प्रतिनिधि को संस्था के सचिव हेमन्त तैलंग ने बताया कि श्री जवाहर द्विवेदी गुना, अमित चितवन ग्वालियर, मनोज मनसिज बड़ा मलहरा, दतिया से डॉ. कामिनी, अवनीन्द्र खरे छतरपुर, अभिनन्दन गोइल इन्दौर, प्रहलाद भक्त मुरैना, गौरीश शर्मा, पं. प्रवेन्द्र जैन, भोपाल आदि सौ से अधिक साहित्यकारों ने रचना पाठ किया। इस अवसर पर संस्था की आम सभा सम्पन्न हुई जिसमें श्री कैलाश मड़बैया को पुन: सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। श्री मड़बैया को अपनी कमेटी बनाने को अधिकृत किया गया। संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिह लोधी ने आश्वस्त किया कि वे बुन्देलखण्ड के लिये समर्पित हैं, कभी कोई कसर नहीं छोड़ेगे।

## पंच कल्याणक महोत्सव के पाचवें दिन पूर्ण भव्यता से मनाया गया ज्ञान कल्याणक महा महोत्सव

**जतारा ( विश्व परिवार )।** परम पूज्य श्रमणाचार्य विमर्श सागर जी महाराज की जन्म नगरी श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र आदिश्वर धाम जतारा के श्री शांति विद्यानगर के नवीन जिनालय में चल रहे पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के पांचवें दिवस भगवान के ज्ञान कल्याणक महोत्सव की प्रभात पर, 6 माह तपस्या में लीन रहने के बाद मुनी आदिनाथ आहार चर्या हेतु नगर नगरांतरों में निकले, मगर कोई पडगाहन की विधि नहीं जानता था कि दिगंबर साधु की आहार चर्या या पडगाहन किस तरह किया जाता है, विधि ना मिलने पर 6 माह और निकल गए, इस तरह 1 वर्ष व्यतीत हो गया और महाराज आदिनाथ को आहार प्राप्त नहीं हुआ। बिहार करते-करते आदिनाथ महाराज हस्तिनापुर नगरी पहुंचे जहां राजा श्रेयांश एवं राजा सोम द्वारा नवधा भक्ति पूर्वक महाराज आदिनाथ का पडगाहन करके, महाराज आदिनाथ को प्रथम आहार इक्षु रस (गन्ने का रस) के रूप में देकर अपना जीवन धन्य किया और तबसे आहार दान की परंपरा प्रचलित हुई।





भारतीय जैन संगठन तहसील अध्यक्ष एवं जैन समाज उपाध्यक्ष अशोक कुमार जैन ने बताया कि दोपहर कालीन वेला में महाराज आदि नाथ के ज्ञान कल्याणक के दृश्यांकन को सौरभ जैन एंड पार्टी दिल्ली द्वारा बहुत ही खूबसूरती से पेश किया गया, संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान धर्मवीर एंड पार्टी भोपाल द्वारा अपनी मधुर स्वर लहरियों से दर्शकों को बांधे रखा। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा अनुष्ठान की समस्त धार्मिक क्रियाएं दशम प्रतिमा धारी बाल ब्रह्मचारी प्रतिष्ठाचार्य श्रद्धेय श्री अशोक भैया जी लिए लिधौरा द्वारा पूर्ण शास्त्रोक्त विधि द्वारा संपन्न कराई गयी।दोपहर कालीन वेला में भगवान का दिव्य शमवशरण लगाया गया, जिसमें गणधर के रूप में परम पूज्य मुनि श्री सौम्य सागर जी, निश्चल सागर जी एवं निरापद सागर जी महाराज विराजमान रहे और श्रोताओं प्रश्नों के जवाब दिव्य ध्वनि के रूप में दिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय जैन समाज के साथ-साथ प्रमुख रूप से प्रदेश के महामंत्री नगर के यशस्वी विधायक एवं पूर्व मंत्री हरिशंकर खटीक, महेंद्र टानगा, वीरेंद्र ठेकेदार, प्रकाश रोशन, विजय जैन सगरवारा, पवन मोदी, राजेंद्र राज, सोनू सिंघई, अंशुल चौधरी, हिरदेश, पुनीत, स्वप्निल, सार्थक, मेंहू जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आज होगा भगवान आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महा महोत्सव उपरांत भव्य रथोत्सव।

पंचकल्याणक समिति के मीडिया प्रभारी अशोक कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मई की प्रात: 6:30 बजे महाराज आदिनाथ का मोक्ष कल्याणक महोत्सव संपन्न होगा, और उसके उपरांत प्रात: 7:30 बजे से ऐतिहासिक पंचकल्याणक महोत्सव की पूर्ण सफलता उपरांत भव्य रथोत्सव संपन्न किया जाएगा। **-अशोक जैन**

## रजत मंडल पर किया श्री भक्तांबर महा विधान, दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में असीम कालीन विधान के लिए आया रजत मंडल

### महोत्सव लातीं है महिला इसलिए अन्नपूर्णा कहलाती है : शाश्वत सागर जी महाराज

**अशोक नगर ( विश्व परिवार )।** दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में मुनि पुगंव श्रीसुधासागरजी जी की प्रेरणा से होने वाले असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान हेतु जयपुर के कुशल शिल्पीयो दारा निर्मित विशाल चांदी मंडल आया जिस पर सुभाष गंज मन्दिर में मुनि श्री सश्वत सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव पूर्वक किया गया।



इसके पहले जयपुर के कुशल शिल्पीयो दारा निर्मित विशाल चांदी के मंडल का लोकार्पण थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई कोषाध्यक्ष सौरव वाझल मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई द्वारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मंत्रोच्चार के साथ किया गया इसके साथ ही वृहद मंत्रोच्चार के साथ मंडल शुद्ध की गई। इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा पा थूवोनजी कमेटी ने असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन थूवोनजी में निरंतर हो इसके लिए कमेटी ने संकल्प लिया और आज हम सब अपने नगर में महा आराधना कर रहे हैं जो भी इस मंडल पर असीम कालीन विधान करना चाहते हैं वह अपने नाम मंडल के थूवोनजी पहुंचने के पहले दे जिससे आपको इस मंडल पर श्री फल भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हो। इसके बाद मंडल पर शान्ति कलश की स्थापना श्रीमति नीतू अशोक जैन टींगू मिल अध्यक्ष मंगलकलश श्रीमति वावी विपिन सिंघई महामंत्री मुख्य कलश गोशाला अध्यक्ष दिनेश मैदपुर भक्ति कलश अभय जैन भारत शैलेन्द्र जैन किराना वमनावर सहित अन्य भक्तों ने प्राप्त किया।

इस अवसर पर मुनि श्री सश्वत सागरजी महाराज ने कहा कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज जिस काम को करने की प्रेरणा देते हैं वह तो बहुत अच्छा होता ही है इतने सुन्दर चांदी के मंडल पर आप महापूजन रहे हैं आप जितने ज्यादा वैभव के साथ परमात्मा की आराधना करेगे आपके घरों में उतनी ही सम्पन्नता बढ़ती चली जायेगी।

**-विजय धुर्रा**

## आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज का 152वॉ वर्ष वर्धन दिवस आषाढ़ कृष्णा छठ 6 के अनुसार 27 जून को मनाया जाएगा

**दिल्ली ( विश्व परिवार )।** प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती गुरुणाम गुरु आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज का 152वॉ वर्ष वर्धन दिवस आषाढ़ कृष्णा छठ 6 दिनांक अनुसार 27 जून 2024 को है। आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज का आचार्य पद वर्ष 1924 में हुआ वर्ष 2024 में आचार्य पदारोहण रोहण शताब्दी महोत्सव आचार्य श्री वर्धमान सागर जी के मार्गदर्शन में अखिल भारतीय स्तर पर अक्टूबर 24 से अक्टूबर 25 तक मनाया जावेगा।आपसे मुनि दीक्षा गुरु श्री देवेंद्र कीर्ति स्वामी ने पुन: दीक्षा ली इस कारण आपको गुरुणाम गुरु की उपाधि दी गई। श्री सातगोंडा जी का जन्म सन 1872 में हुआ आपने सन 1915 में क्षुल्लक दीक्षा, सन 1919 में ऐलक दीक्षा, सन 1920 में मुनि दीक्षा ली।और सन 1924 में आपको आचार्य पद पर विभूषित किया गया।

प्रथमाचार्य चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की अक्षुण्ण मूल बाल ब्रह्मचारी पट्ट परंपरा को जानने का प्रयास करें। प्रथमाचार्य चारित्रचक्रवर्ती आचार्य श्री शांति सागर जी महाराज द्वारा जो आहार लिया जाता था वह आहार कुएं के पानी का कोयले की सिंगडी पर बनता है जो आज भी वही परंपरा हैं आहार देने वालो को आजीवन शूद्र जल त्याग त्याग का नियम होता है, वह सामूहिक रसोई में खाना नहीं खाते है, जो अंग्रेजी लिक्विड दवाई का प्रयोग भी नहीं करते है।गोत्र और पिंड की शुद्धि अंतरजातीय विवाह विधवा विवाह वालो को आहार देने की तब से आज तक अनुमति नहीं हैं। आहार के वस्त्र पॉलीथिन में मान्य नहीं हैं आहार के वस्त्र भी सूत नारियल की रस्सी या लोहे के तार पर सुखाना होते हैं। संघ में साधुओं का पड़गाहन कर परिक्रमा कर नवधाभक्ति, चरण प्रक्षालन, पूजन अर्ध्य चढ़ाया जाता हैं। संघ में जब आचार्य श्री दक्षिण से उत्तर भारत सम्मेद शिखर जी की यात्रा पर गए तब के पहले से संघ के साथ चलित मंदिर चेत्यालय भी साथ में रखा जिस पर पंचामृत और महिला अभिषेक होता रहा, जो आज भी आचार्य श्री शांति सागर जी की परंपरा में जितने भी आचार्य साधु हुए हैं उन सभी के संघ में श्री जी के चेत्यालय आज भी रहते हैं जिनमें पंचामृत अभिषेक महिला अभिषेक हरे फल नारियल फल फूल नैवेद्य चढ़ाए जाते हैं।शासन देवी देवताओं का अनादर नही होता है।



प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी वर्ष 1924 से वर्ष 1955 तक आचार्य पद पर रहे सल्लेखना के कारण अपने प्रथम मुनि शिष्य श्री वीरसागर को लिखित पत्र से आचार्य पद दिया।आचार्य श्री वीर सागर जी परंपरा के प्रथम पट्टाधीश सन 1955 से सन 1957 तक रहे।आपकी समाधि के बाद आपकी भावना इक्छा अनुसार शिष्य श्री शिव सागर जी परंपरा के सन 1957 से 16 फरवरी सन 1969 तक दिव्तीय पट्टाधीश होकर आचार्य पद पर रहे।आपकी भावना अनुसार परंपरा के तृतीय पट्टाधीश आचार्य श्री धर्म सागर जी 24 फरवरी 1969 को बनाए गए। **-राजेश पंचोलिया**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर गुरूवार 27 जून 2024



## संक्षिप्त समाचार

### अवैध शराब बिक्री करते एक युवक गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की सुरगी चौकी पुलिस ने अवैध शराब बिक्री करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से 20 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त किया है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग (भापुसे) के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में जिले में चलाए जा रहे अभियान अवैध शराब बिक्री करने वालों के ऊपर कार्यवाही के तहत दिनांक 24.06.2024 को चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस के द्वारा ग्राम भंवरमरा में आम बगीचा के पास मुखबीर सूचना पर आरोपी रामचंद निषाद पिता स्व. संतु निषाद, उम्र 32 वर्ष, निवासी ग्राम भंवरमरा, पुलिस चौकी सुरगी थाना बसंतपुर, जिला राजनांदगांव को अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, आरोपी के कब्जे से कुल 20 पौवा देशी प्लेन शराब कीमत 1800 रूपये एवं शराब बिक्री रकम 270 रुपए जप्त किया गया।

### अवैध गौण खनिज परिवहन करते तीन वाहन जप्त

**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** जिला खनिज जांच दल द्वारा 22 जून एवं 25 जून 2024 को बस्तर जिले के अंतर्गत ग्राम बजावण्ड, बेलपुटी, भानपुरी, बनियागांव, आड़ावाल क्षेत्र का औचक निरीक्षण में गौण खनिज रेत के 3 वाहनों को अवैध गौण खनिज परिवहन करते पाये जाने पर परिवहनकर्ताओं के वाहनों को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया है। उक्त कार्यवाही कलेक्टर विजय दयाराम के. के निर्देशानुसार की गई है। साथ ही बजावण्ड एवं बेलपुटी में रेत का अवैध भण्डारण करने वाले दो व्यक्तियों के विरूद्ध प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी शिखर चेरपा ने बताया कि उक्त कार्यवाही के दौरान जिला खनिज जांच उड़नदस्ता दल के खनिज निरीक्षक मिदुल गुहा तथा खनि सिपाही डिकेश्वर खरे,सीताराम नेताम,लोकेश कश्यप उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायत सचिव सहित चार नक्सली सहयोगी गिरफ्तार

**मोहला-मानपुर(विश्व परिवार)।** नक्सलियों का सहयोग करने वाले एक ग्राम पंचायत सचिव सहित 4 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार जिला पुलिस व आईटीबीपी ने मानपुर ब्लॉक के मदनवाडा क्षेत्र में संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए नक्सलियों के 4 सहयोगियों को पकड़ा और एक ट्रैक्टर जब्त किया। नक्सलियों का यह ट्रैक्टर सहयोगी किराए से चलाते थे। किराए की आय से नक्सली अपनी दैनिक जरूरतों की पूरा करते थे। यह ट्रैक्टर हार्डकोर नक्सली बलदेव ऊर्फअशोक रेड्डी, विजय रेड्डी ऊर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग के इशारे पर चलता था। नक्सलियों ने ट्रैक्टर लेवी के पैसे से खरीदा था। सुरक्षाबलों ने सहयोगियों के पास कैश, मेमोरी कार्ड, पेन ड्राइव, बैंक पास बुक समेत अन्य सामान जब्त किए। मामले में पुलिस ने नक्सल सहयोगी अरविंद तुलावी, रामकिशन यादव, सुशील साहू व ग्राम पंचायत सचिव महेश मेश्राम है, जो राजनांदगांव और कारेकट्टा गांव के निवासी है। इन चारों पर पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई।

### रेत अवैध उत्खनन एवं परिवहन कर रहे 40 हाइवा जप्त

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** जिला प्रशासन के निर्देश पर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में 40 हाइवा को राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जप्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री उमेश साहू ने बताया कि ग्राम बरबसपुर, बडग़ांव और सिरपुर क्षेत्र से अवैध तरीके से उत्खनन और परिवहन करते 40 हाइवा पकड़ी गई है। बीती देर रात से जारी कार्रवाई में राजस्व और पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। 32 गाडियां रेत घाट पर खड़ी की गई है जबकि 2 गाडियों को कोतवाली में खड़ा किया गया है। परिवहन के दौरान बाकि गाड़ी रास्ते में खड़ी की गई है। मौके पर हाइवा के 9 चालकों को पूछताछ के लिए कोतवाली भेजा गया है। अग्रिम कार्रवाई के लिए मामले को खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिवस जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने अपने निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन और भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। राजस्व अधिकारी श्री उमेश साहू ने रेत के अवैध भंडारण के निरीक्षण के लिए राजस्व निरीक्षकों के नेतृत्व में पटवारी की टीम गठित कर रिर्पोट देने के निर्देश दिए थे। इस दौरान राजस्व टीम निरीक्षण के सदस्य व प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पंडा, नायब तहसीलदार श्री टिकेन्द्र नुरूटी, श्री मोहित अमिला, आरआई श्री मनीष श्रीवास्तव, पटवारी श्री तरुण चंद्राकर तथा पुलिस विभाग से एसडीओपी श्री यूलंडन यार्क जे, डीएसपी श्री मिलिंद पांडेय एवं लाइन टीआई श्री अजय कार्रवाई में शामिल थे।

## नियद नेल्लानार और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से फैलेगा शिक्षा का उजियारा

**माओवाद प्रभावित मुदवेंडी में 20 साल बाद बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अधिकार**



**बीजापुर(विश्व परिवार)।** 20 सालों से शिक्षा के प्रकाश से वंचित मुदवेंडी गांव में नए शिक्षा सत्र में स्कूल की घंटी बजनी शुरु हो जाएगी। सड़क और सुरक्षा के विस्तार के बाद जिला प्रशासन के प्रयासों से अब मुदवेंडी के बच्चों को शिक्षा के अधिकार का लाभ मिलेगा और अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति मिलेगी। नियद नेल्लानार के जरिये विकास की पहूँच और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर अब माओवाद प्रभावित इलाकों में दिखने लगा है। 20 सालों से अशिक्षा का दंश झेल रहे मुदवेंडी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के प्रयासों से सुनहरे भविष्य की किरणे दिखने लगी है और अब यहाँ के नौनिहाल क ख ग घ की तालीम से वंचित नही रहेंगे। बदलाव की यह शुरुआत स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के घर-घर दस्तक अभियान से संभव हुआ जब जिला प्रशासन की टीम शालात्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंची। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वास्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। विश्वास बहाली के मुहीम के बीच अब माओवाद प्रभावित इलाकों का माहौल तेजी से बदलता दिख रहा है। ग्रामीण स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे है ताकि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। यहाँ जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गाँव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रहा है। अब यहाँ के हालात बदलने की कवायद शुरु हो रही है और इसकी बदलाव की पहली गूंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके मे गुंजने वाली है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय पूर्व मुदवेंडी में पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई थी अब वही गांव नियद नेल्लानार से फिर से आबाद हो रहा है तथा बुनियादि सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा का उजियारा गांव को रोशन करने में कारगर हो रहा है। स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम से 24 बंद और 32 नये स्कूल की होगी शुरूआत- जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है।कलेक्टर की पाती गांव-गांव में सकारात्मक साबित हो रही है जिनका नतीजा यह है कि नये शिक्षा सत्र में 24 बंद स्कूल और 32 नये स्कूल खोले जा रहे हैं।

## कलेक्टर ने ली जिलाधिकारियों की बैठक

**शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा हुई**

**शराब सेवन कर स्कूल आने वाले शिक्षकों की खैर नहीं, होगी बर्खास्तगी की कार्रवाई**

**मोहला(विश्व परिवार)।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्राथमिकता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करें। अधिक से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करें। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन द्वारा संचालित की जा रही योजना हितग्राहियों के जीवन स्तर में सुधार लाने और उनकी समस्याओं को निजात दिलाने के लिए संचालित किया जा रहा है। पात्र लोगों को योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का लाभ मिले, यह किसी भी योजना का मुख्य उद्देश्य है। सभी अधिकारी इस बात को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन करें। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों की महती जिम्मेदारी है कि वह योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि बच्चों के जीवन में शिक्षा का अलख जगाने और समाज में क्रांति लाने के लिए शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने कई शिक्षकों के द्वारा शराब सेवन कर स्कूल आने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को कड़ी निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने बेहद गंभीरता से निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध सीधे तौर पर बर्खास्तगी की कार्रवाई किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई रिहायत नहीं देने कहा गया है। उन्होंने बैठक में सिकल सेल बीमारी की रोकथाम एवं बचाव के लिए सभी स्कूलों, कॉलेजों में सिकल सेल जांच शिविर लगाने के लिए शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा विभाग को संयुक्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मानसून में आई सक्रियता को ध्यान में रखते हुए किसानों की मांग के अनुसार खाद बीज का वितरण करने एवं केसीसी लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए सहकारी बैंक इस दिशा में कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र पाटले, संयुक्त कलेक्टर हेमलता चंदेल, जिला परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया डॉ श्यामा प्रसाद को याद

**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य व देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस के अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह स्थित उनकी प्रतिमा पर कैबिनेट मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह के साथ श्री जोगेश् लाम्बा अशोक चावलानी श्री हितानंद, अग्रवाल श्री आरिफ खान श्रीमती ज्योति वर्मा श्रीमती मंजू सिंह सुश्री रितु चैरसिया श्रीमती उमा भारती सराफ श्री प्रफुल्ल तिवारी सतविंदर पाल सिंह बग्गा श्री राजेंद्र साहू श्री प्रकाश अग्रवाल नरेंद्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष श्री अजय विश्वकर्माश्री सरजू अजय श्रीमती मनोरमा शर्मा श्री पंकज सोनी चंदन सिंह श्रीमती सुमन सोनी राजेश सोनी रमा मिरी लक्ष्मण श्रीवास तृप्ति सरकार हरिराम साहू राम किशोर यादव श्रीमती स्वाति कश्यप श्रीमती पुष्प कला साहू गिरधारी रजक चंदन मजूमदार श्री संजीव शर्मा राजेश लहरे पंकज मोदी सुश्री प्रीति चैहान श्री देवेंद्र सिंह चैहान प्रवीण रैदास भजन सिंह कंवर अमर दास सतीश केसरवानी राजेश राठौर किया सेनगुप्ता श्याम साहू राकेश तिवारी गोपाल राठियाभरत सोनी लीलाराम पटेल के साथ बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मिलित रहे

## वन अधिकार पट्टा प्राथमिकता वाला कार्य इसे गंभीरता पूर्वक करें : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि सभी अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों, राजस्व एवं वन अमले के साथ-साथ आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त को सभी पात्र हितग्राहियों के वन अधिकार मान्यता पत्र बनाने के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकार पट्टे शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाली कार्य इसे गंभीरता पूर्वक करने के निर्देश भी संबंधितों को दिए। समय-सीमा के प्रकरणों पर संबंधित विभागों से चर्चा कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा जन चौपाल, जन शिकायत, पीजी पोर्टल और विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के डंकनी सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अधिकारियों से से कहा कि सभी बाजार स्थल में नियमित रूप से साफ सफाई का ध्यान रखते हुए बाजार स्थल पर अगर कोई भी दुकानदार के द्वारा गंदगी की जाती है तो उसके ऊपर फाइन करने के भी निर्देश दिए। कृषि विभाग और संबंधित विभागों से बीज का भंडारण-वितरण और रासायनिक खाद की उपलब्धता स्थिति की समीक्षा किए। बैठक के दौरान जिले के चारों विकासखण्डों में चल रहे प्रधानमंत्री आवास निर्माण कार्यों का समीक्षा कर आवास को त्वरित समय-सीमा के में करने के साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त प्राप्त आवासों को 31 जुलाई 2024 तक पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित भी दिये गये।

## कलेक्टर ने की वन विभाग के कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में मंगलवार को वन विभाग द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर केशकाल वन मंडलाधिकारी श्री एन गुरुनाथन, कोंडागांव वन मंडलाधिकारी श्री आरके जांगड़े, भारतीय वन सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी नवीन कुमार सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। जिला कार्यालय के प्रथम तल स्थित सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि शासन द्वारा सभी शासकीय भुगतान बैंक खातों में ऑनलाईन माध्यम से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिले में वन विभाग के हितग्राहियों का भी बैंक खाता खुलवाने तथा बैंक खातों की आधार सीडिंग संबंधी कार्यवाही अवश्य सुनिश्चित किया जाए। इनमें तेंदूपत्ता संग्राहक से लेकर श्रमिक भी शामिल हैं। उन्होंने शत-प्रतिशत तेंदूपत्ता संग्राहकों का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने वन अधिकार पत्र धारक किसानों के मृत्यु के प्रकरणों में नामांतरण की कार्यवाही भी जुलाई और अगस्त के महीने में मिशन मोड में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को किसान क्रेडिट कार्ड तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं से भी लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने जनसमस्या निवारण शिविरों में वन अधिकार पत्र वितरण के संबंध में भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने सड़क, तालाब, नदी सहित विभिन्न जलस्त्रोंतों के किनारे और सार्वजनिक स्थानों में वृक्षारोपण के वृहद कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही आवश्यक प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं मनरेगा योजनान्तर्गत 2021-22 से पूर्व सत्रों में स्वीकृत किए गए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र व पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि कोंडागांव वन मंडल में कुल मनरेगा के कुल 184 कार्य लंबित हैं, जिनमें वर्ष 2019-20 में 15, वर्ष 2020-21 में 80, वर्ष 2021-22 में 59 और वर्ष 2022-23 में 30 कार्य लंबित हैं।

## नवीन न्याय संहिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने कलेक्टर नीलेश महादेव ने दिए निर्देश

**समय-सीमा बैठक में त्रुटि सुधार, धान-बीज उठाव, प्रशासनिक कार्यों में कसावट लाने निर्देशित किया**



**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने मंगलवार को जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर आगामी 1 जुलाई से लागू होने जा रही नवीन न्याय संहिता का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा राजस्व विभाग में त्रुटि सुधार के लंबित प्रकरणों, जिले में वर्षा की स्थिति, धान-बीज का भंडारण एवं किसानों द्वारा उठाव सहित सभी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्धारित समय में कार्य पर उपस्थित होने निर्देश कलेक्टर ने दिए। इस दौरान उन्होंने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सभी कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सभी कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारी नियत समय पर उपस्थित हो जाएं। उन्होंने कहा कि औचक निरीक्षण के दौरान यदि कोई अनुपस्थित पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिले की रेत खदानों में 15 जून से प्रतिबंधित होने के बावजूद अवैध रूप से उत्खनन, भंडारण, परिवहन की अनेक शिकायतें मिलने की बात कहते हुए उन्होंने इसमें संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देश सभी एसडीएम एवं खनिज अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने बस्तर संभाग की सबसे महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार की समीक्षा करते हुए कम उपलब्धि प्रदर्शित करने वाले विभागों को मिशन मोड में कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्व एवं वर्तमान में स्वीकृत प्रकरणों के आधार पर निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए जिला पंचायत के सीईओ सुमित अग्रवाल को निर्देश दिए। रामलला दर्शन योजना की जानकारी देते हुए सीईओ ने बताया कि बुधवार की सुबह 06 बजे लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर से 72 वरिष्ठ नागरिक दुर्ग रेलवे स्टेशन के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्हांने बताया कि स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत फिट पाए गए नागरिकों को बस से रवाना किया जाएगा। जिले के आकांक्षी विकासखण्ड कोयलीबेड़ा और दुर्गूकोंदल में योजनाओं के क्रियान्वयन की भी जानकारी इस दौरान ली। बैठक में कलेक्टर ने सभी तहसील मुख्यालयों में वर्षामापी यंत्र दुरूस्त रखने के भी निर्देश दिए। जिले में धान बीज उठाव की समीक्षा करते हुए उप संचालक कृषि से जानकारी ली। उप संचालक ने बताया कि धान बीज के भंडारण का लक्ष्य 42 हजार 425 क्विंटल है, जिसके विरूद्ध जिले में वर्तमान में 31 हजार 841 का भंडारण है तथा अब तक 17 हजार 526 का वितरण किया जा चुका है। इसी तरह खाद के 56 हजार 200 मीट्रिक टन के लक्ष्य के विरूद्ध 50 हजार 472 का भंडारण किया जाकर 34 हजार 631 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि मांग के अनुरूप खाद का स्टॉक मौजूद है, किन्तु डीएपी खाद की अतिरिक्त आवश्यकता होगी।

## व्यापार समाचार

## केंद्र सरकार ने शुरू की 96,238 करोड़ रुपये के टेलीकॉम स्पेक्ट्रम की नीलामी

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को ऐलान किया कि टेलीकॉम सर्विसेज के लिए 96,238.45 करोड़ रुपये के स्पेक्ट्रम की नीलामी शुरू कर दी गई है। संचार मंत्रालय द्वारा कहा गया कि इसमें अलग-अलग बैंड के 10,522.35 मेगाहर्ट्ज के स्पेक्ट्रम की नीलामी की जाएगी। इसका रिजर्व प्राइस 96,238.45 करोड़ रुपये रखा गया है। इस नीलामी में 800 मेगाहर्ट्ज, 900 मेगाहर्ट्ज, 1800 मेगाहर्ट्ज, 2100 मेगाहर्ट्ज, 2300 मेगाहर्ट्ज, 2500 मेगाहर्ट्ज, 3300 मेगाहर्ट्ज और 26 गीगाहर्ट्ज बैंड के लिए बोलियां लगाई जाएंगी। ये नीलामी प्रक्रिया सुबह 10 बजे से शुरू हो गई है। इस नीलामी प्रक्रिया में भारती एयरटेल, वोडाफोन आइडिया और रिलायंस जियो इन्फोकॉम भाग लेंगी। 1800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,752.40 करोड़ रुपये रखा गया है। वहीं, 800 मेगाहर्ट्ज वाले बैंड का रिजर्व प्राइस 21,341.25 करोड़ रुपये रखा गया गया है। मंत्रालय ने कहा कि यह सरकार की ओर से सभी नागरिकों को किफायती दर पर अच्छी गुणवत्ता की टेलीकॉम सर्विसेज उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। दूरसंचार विभाग की ओर से स्पेक्ट्रम की प्रक्रिया 8 मार्च को शुरू की गई थी। स्पेक्ट्रम 20 वर्ष की अवधि के लिए दिया जाएगा। बोली जीतने वाली कंपनियों को अगले 20 वर्षों में 20 किस्तों में इसका भुगतान करना होगा। हालांकि, इस दौरान कंपनियों को एनपीवी पर 8.65 प्रतिशत का ब्याज देना होगा। मंत्रालय ने कहा कि इस नीलामी में खरीदे गए स्पेक्ट्रम को कंपनी न्यूनतम 10 वर्ष बाद सरेंडर कर सकती है। साथ ही कोई स्पेक्ट्रम यूसेज चार्ज (एसयूसी) कंपनियों से नहीं लिया जाएगा।

## हायर इंडिया ने पेश किया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर, डिजाइन और इनोवेशन का परफेक्ट मिश्रण





**नईदिल्ली।** लगातार 15 वर्षों से नंबर 1 वैश्विक प्रमुख उपकरण ब्रांड हायर अप्लायंसेज इंडिया ने अपना नया किनौची डार्क एडिशन एयर कंडीशनर लॉन्च किया है, जो इनोवेशन और प्रीमियम खूबसूरती का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है। ग्राहकों को बेहतरीन अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार किए गए नए एयर कंडीशनर में 10 सेकंड में सुपरसोनिक कूलिंग, फ्रॉस्ट सेल्फ-क्लीन टेक्नोलॉजी, हेक्सा इन्वर्टर टेक्नोलॉजी, इंटेली कन्वर्टिबल 7-इन-1 जैसी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी मौजूद हैं। 1.6 टन और 1.0 टन के साथ यह सभी रिटेल चैनलों पर उपलब्ध होगा। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए इनोवेटिव उत्पाद बनाने के लिए प्रतिबद्ध, हायर इंडिया लगातार उपभोक्ता की इंस्पायर्ड लिविंग जैसी मांगों को पूरा करने के लिए विकसित हुआ है। कस्टमर-ड्रिवन इनोवेशन को ध्यान में रखते हुए, ब्रांड नए लॉन्च के साथ उपभोक्ताओं के लिए एक प्रीमियम अनुभव प्रदान करने पर केंद्रित है। नए लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष, श्री एनएस सतीश ने कहा, हायर इंडिया में, उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को प्राथमिकता देना हमारे सिद्धांतों का मूल आधार रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, रोजमर्रा की जिंदगी को स्मार्ट, सुविधाजनक और आरामदायक बनाने वाले इनोवेटिव सोल्यूशंस पेश करने के साथ-साथ, हमने ऐसे उत्पादों का एक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया है जो सौंदर्यपूर्ण रूप से डिज़ाइन किए गए प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करते हैं। ग्राहक-प्रेरित नवाचार बनाने के लिए प्रतिबद्ध, हमारे सभी एयर कंडीशनर, जिनमें नवीनतम किनौची डार्क एडिशन भी शामिल है,

## शेयर बाजार में तेजी जारी सेंसेक्स 200 अंक उछला

**मुंबई( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार में तेजी जारी है। मंगलवार को बाजार के ज्यादातर सूचकांक हरे निशान में खुले। सुबह 9ः35 पर सेंसेक्स 203 अंक या 0.26 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,544 और निफ्टी 53 अंक या 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,591 पर था। बाजार में तेजी की वजह सकारात्मक ग्लोबल संकेतों को माना जा रहा है। छोटे और मझोले शेयरों में भी खरीदारी हो रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 325 अंक या 0.59 प्रतिशत बढ़कर 55,902 पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 187 अंक या 1.03 प्रतिशत की तेजी के साथ 18,404 पर था। बाजार में ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, मेटल, मीडिया और पीएसई इंडेक्स में तेजी है। आईटी और रियल्टी शेयरों में बिकवाली है। शुरुआती कारोबार में एनएसई पर 1,698 शेयर हरे निशान में और 389 शेयर लाल निशान में बने हुए हैं। सेंसेक्स पैक में एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एसबीआई, बजाज फाइनेंस, रिलायंस, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक, एलएंडटी और टेक महिंद्रा टॉप गेनर्स हैं। कोटक महिंद्रा बैंक, एचसीएल टेक, एनटीपीसी, टाइटन, एशियन पेंट्स और बजाज फिनसर्व टॉप लूजर्स हैं। एशियाई बाजारों में तेजी है। टोक्यो, हांगकांग, बैंकॉक और सोल के बाजार हरे निशान में हैं। वहीं, शंघाई और जकार्ता में गिरावट देखी जा रही है। अमेरिकी बाजार सोमवार बढ़कर बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 81 डॉलर प्रति बैरल पर है। चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट मंदार भोजने ने कहा कि बाजार में तेजी की स्थिति है। निचले स्तरों से बाजार को समर्थन मिला है। अगर निफ्टी 23,600 के ऊपर बंद होता है, तो यह 23,800 और फिर 24,000 के स्तर तक आने वाले दिनों में जा सकता है। अगर यह निफ्टी 23,300 का स्तर तोड़ता है तो 23,000 का स्तर देखने को मिल सकता है।

# 2028 ओलंपिक में क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए होगा 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव : पीटरसन



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट भी खेला जाएगा। यानी 128 साल बाद क्रिकेट की ओलंपिक में वापसी होगी। यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा। वहीं, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन का मानना है कि ओलंपिक में खेलना एक क्रिकेटर के लिए 'सबसे अविश्वसनीय अनुभव' होगा। पीटरसन के करियर में टी20 विश्व कप ट्रॉफी, भारत और ऑस्ट्रेलिया जैसे क्रिकेट दिग्गजों के खिलाफ यादगार जीत शामिल है। उन्होंने क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की पहल की सराहना की। क्रिकेट को 2028 खेलों के लिए ओलंपिक में जोड़ा गया है। आईसीसी के अनुसार, इस गेम के टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर 3 बिलियन से अधिक दर्शकों के होने का अनुमान है। वर्ष 1900 के बाद यह पहली बार होगा जब ओलंपिक खेलों में क्रिकेट को जोड़ा गया है। पीटरसन ने पॉडकास्ट श्रृंखला '180 नॉट आउट' में कहा,मैंने कभी ओलंपिक खेल नहीं खेला। मैं टी20 विश्व कप जीतने और विश्व कप में खेलने के लिए काफी भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। लेकिन जब आप ओलंपिक खेलों में खेलने के अवसर को देखते हैं, तो यह बहुत अच्छा है। गोल्फ थोड़े समय पहले ही ओलंपिक का हिस्सा बना। जस्टिन रोज ने पहला गेम जीता, वह मेरा दोस्त है। उसने कहा कि ओलंपिक खेलों में खेलना सबसे अविश्वसनीय अनुभव है। पूर्व दक्षिण अफ्रीकी सलामी बल्लेबाज हाशिम अमला, जो इस पॉडकास्ट का हिस्सा थे, ने इस खेल की बढ़ती लोकप्रियता के बीच खिलाड़ियों के सामने आने वाली कठिन चुनौतियों के बारे में बात की। अमला ने कहा,यह वास्तव में खिलाड़ियों को परेशान कर रहा हैज्एक तरफ राष्ट्रीय टीम और दूसरी तरफ फ्रैंचाइज़ी क्रिकेट। इसने खिलाड़ियों को दुविधा में डाल दिया है कि उन्हें किस तरफ जाना है और वे अपना करियर कैसे बनाना है। यह एक बहुत ही कठिन निर्णय है। मुझे लगता है, अगर आप अच्छा ओलंपिक चाहते हैं तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि ओलंपिक खेल एक अंतर पर हो ताकि यह किसी अन्य लीग से न टकराए। वे ऐसा कैसे कर सकते हैं, मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि वे ऐसा करेंगे।

## पूर्व भारतीय बल्लेबाज की भविष्यवाणी, रोहित-विराट के टी20 करियर का होने वाला है दी एंड...



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 के बीच वसीम जाफर ने रोहित शर्मा और विराट कोहली को लेकर भविष्यवाणी की है। पूर्व भारतीय बल्लेबाज जाफर का कहना है कि दोनों स्टार क्रिकेटर टूर्नामेंट के बाद टी20 इंरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। बता दें कि रोहित और कोहली ने जनवरी 2024 में टी20 इंटरनेशनल में कमबैक किया था। दोनों टी20 वर्ल्ड कप 2022 समाप्त होने के बाद सबसे छोटे फॉर्मेट से दूर रहे थे। हालांकि, रोहित और कोहली ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 को देखते हुए इस फॉर्मेट में वापसी का फैसला किया। वैसे, दोनों मौजूदा टूर्नामेंट में कुछ खास लय में नजर नहीं आए हैं। रोहित के बल्ले से केवल एक अर्धशतकीय पारी निकली है। कोहली कोई अर्धशतक नहीं जमा पाए हैं। जाफर ने कहा,हो सकता है यह दोनों खिलाड़ी मौजूदा वर्ल्ड कप के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लें। आखिरकार, यह निर्णय तो रोहित-कोहली और सिलेक्टर्स को लेना है। लेकिन मुझे लगता है कि यह दोनों का आखिरी टी20 वर्ल्ड कप हो सकता है। मेरा मानना है कि हम उन्हें आखिरी बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में खेलते हुए देख रहे हैं। हालांकि, रोहित और कोहली आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे। रोहित ने 2007 में टी20 इंटरशनल डेब्यू किया था। उन्होंने इस फॉर्मेट में 155 मैचों में अभी तक 4073 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली ने 2010 में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कदम रखा। उन्होंने 122 मुकाबलों में 4103 रन जुटाए हैं। जाफर ने कोहली के 100 इंटरनेशल शतक को लेकर भी भविष्यवाणी की है। उन्होंने कहा,मुझे ऐसा लगता है कि कोहली 100 इंटरनेशनल सेंचुरी कंप्लीट कर लेंगे। उनके पास अभी काफी टाइम है। वह बहुत फिट हैं।

## टी20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान पहली बार इस खिलाड़ी को मिली कप्तानी



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय टीम इस वक्त टी20 वर्ल्ड कप के लिए वेस्टइंडीज में मौजूद है। इसी बीच बीसीसीआई ने वर्ल्ड कप के ठीक बाद जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए अपने स्क्वाड का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज के लिए बीसीसीआई की सेलेक्शन कमेटी ने पूरी तरह से युवा टीम को चुना है। वहीं टीम की कप्तानी भी एक ऐसे युवा खिलाड़ी के हाथों में है जिसने अभी तक भारतीय टीम की कप्तानी नहीं की है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि शुभमन गिल हैं। गिल पहली बार किसी भी सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी करेंगे। वहीं इस टीम में कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिन्हें पहली बार भारतीय टीम के स्क्वॉड में शामिल किया गया है। जिम्बाब्वे सीरीज के लिए टीम इंडिया के कप्तान बनाए गए शुभमन गिल के सामने एक बड़ी चुनौती होगी। गिल ने आईपीएल 2024 के दौरान गुजरात टाइटंस की कप्तानी की थी। गिल की कप्तानी में गुजरात के लिए आईपीएल 2024 बेहद खराब रहा था। उनकी कप्तानी में टीम लीग स्टेज से ही बाहर हो गई और उन्होंने 14 मैचों में सिर्फ पांच में ही जीत हासिल की। ऐसे में भारतीय टीम की कप्तानी शुभमन गिल के लिए आसान नहीं होगी। उन्हें बतौर कप्तान इस सीरीज के दौरान खुद को साबित करना होगा। गिल के लिए इस सीरीज में एक बड़ा मौका होगा। दरअसल भारतीय टीम आने वाले समय में उनके जैसे युवा खिलाड़ियों को और भी बड़े मौके देगी।

## अदाणी ग्रुप का पोर्टफोलियो बहुत मजबूत, सबसे अच्छा समय आना अभी बाकी : गौतम अदाणी



**अहमदाबाद( एजेंसी )।** अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अदाणी ने सोमवार को कहा कि अपने इतिहास में सबसे दमदार नतीजे, मजबूत कैश पोजीशन और सबसे कम डेट रेश्यो के साथ ग्रुप का पोर्टफोलियो का रास्ता बड़ी उपलब्धियों के वादों के साथ रोशन है। बता दें, अदाणी ग्रुप का प्रदर्शन वित्त वर्ष 2023-24 में काफी शानदार रहा है। अदाणी एंटरप्राइजेज की एनुअल जनरल मीटिंग (एजीएम) में गौतम अदाणी ने अपने शेयरधारकों से कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में हमने 45 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सबसे अधिक 82,917 करोड़ रुपये (करीब 10 अरब डॉलर) का ईबीआईटीडीए हासिल किया है। इसके कारण हमारा टैक्स के बाद मुनाफा सालाना आधार पर 71 प्रतिशत बढ़कर 40,129 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं, हमारा डेट टू ईबीआईटीडीए 2.2 गुना पर आ गया है जो कि पहले 3.3 गुना पर था। शानदार प्रदर्शन के कारण अदाणी ग्रुप की लिक्विडिटी ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई है और कैश बैलेंस 59,791 करोड़ रुपये है। ग्रुप के चेयरमैन ने कहा कि ये प्रदर्शन हमारी स्थिरता को दिखाता है। इसी के कारण हमारी कंपनियों की रेटिंग और आउटलुक अपग्रेड हुए हैं। मौजूदा समय में अंबुजा, एसीसी और अदाणी पोर्ट एएए रेटिंग की कंपनियां हैं। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) के लिए भी ये वर्ष काफी शानदार रहा है। गौतम अदाणी ने शेयरधारकों से कहा कि हमारे एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की संख्या की वृद्धि दर दोहरे अंक में है और यह 8.86 करोड़ पहुंच गई है। साथ ही हमें यह भी सौभाग्य मिला कि लखनऊ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक टर्मिनल 3 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। एईएल के पोर्टफोलियो के तहत मुंद्रा में मौजूद कच्छ कॉपर लिमिटेड ने अपनी ग्रीनफील्ड कॉपर रिफाइनरी में परिचालन शुरू कर दिया है। गौतम अदाणी ने आगे कहा कि हमारा लक्ष्य इस दशक के अंत तक इसे एक लोकेशन पर मौजूद दुनिया की सबसे बड़ी कॉपर स्मैलटर बनाना है। इसकी क्षमता एक एमएमटीपीए की होगी। इससे भारत को अपनी मेटल की आवश्यकताओं में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। अदाणी पोर्ट के लिए भी ये वर्ष काफी शानदार रहा है। कंपनी की ओर से 420 एमएमटी कार्गो हैंडल किया गया। चेयरमैन ने कहा कि हमारे 10 पोर्ट ने रिकॉर्ड कार्गो वॉल्यूम हासिल किया है। गोपालपुर और कराईकल पोर्ट का हमने अधिग्रहण किया है।

## वी सैमसंग के साथ मिलकर 4 जी-5 जी रेडियो नेटवर्क डिप्लॉयमेन्ट के लिए सक्रिय

**नईदिल्ली।** जाना-माना टेलीकॉम ऑपरेटर वी नई टेक्नोलॉजी जैसे अपने 4 जी एवं 5 जी डिप्लॉयमेन्ट्स के लिए वर्चुअलाइज़्ड रेडियो एक्सेस नेटवर्क (वी-रैन) समाधान हेतू सैमसंग के साथ बातचीत कर रहा है। वी के 4 जी फुटप्रिन्ट को बढ़ाने तथा 5 जी की शुरुआत करने के लिए वी और सैमसंग पिछले 12-18 महीनों से चेन्नई में नेटवर्क ट्रायल में सक्रिय हैं। ट्रायल से मिली शानदार प्रतिक्रिया और मौजूदा सप्लायर्स के बेहतरीन परफोर्मेन्स को देखते हुए वी ने कर्नाटक और बिहार सर्कल्स में सैमसंग डिप्लॉयमेन्ट्स का विस्तार किया है। इस सेटअप ने इन सर्कलों (चेन्नई, कर्नाटक और बिहार) में एनएसए वी-रैन आर्कीटेक्चर के साथ वी को 5 जी मिनिमम रोलआउट ऑब्लीगेशन (एमआरओ) को पूरा करने में सक्षम बनाया है। वी, वी-रैन समाधान के लिए सैमसंग के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार करने तथा रैन डोमेन में क्लाउड फायदों का लाभ उठाने के लिए प्रतिबद्ध है। पारम्परिक रैन डिप्लॉयमेन्ट्स एवं वी-रैन का अनूठा संयोजन, वी को नई तकनीकों एवं आर्कीटेक्चर से लाभान्वित कर बेहतर परफोर्मेन्स एवं उपभोक्ता के बेहतर अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर जगबीर सिंह, चीफ़टेकनिकल ऑफिसर, वोडाफ़ोन आइडिया लिमिटेड ने कहा, ''नेक्स्ट-जनरेशन रेडियो समाधानों (वी-रैन) में अपनी लीडरशिप का प्रदर्शन करते हुए हमें बेहद गर्व का अनुभव हो रहा है जो उपभोक्ताओं को बेहतर टीसीओ के साथ उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। सैमसंग के इनोवेशन और जॉइन्ट टेक्नोलॉजी सामरिक पहलों के माध्यम से किया गया यह वी रैन डिप्लॉयमेन्ट हमारी टेक्नोलॉजी रूपान्तरण योजनाओं एवं वेंडर सिस्टम के अनुरूप है।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पेश किया नुवा डायमंड कलेक्शन, करीना कपूर खान ने लॉन्च किया कलेक्शन



**नईदिल्ली।** विश्व के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित एक शानदार कार्यक्रम में अपने हीरे के लेटेस्ट आभूषण संग्रह (ज्वेलरी कलेक्शन)'नुवा (NUWA)'का अनावरण किया. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का 13 देशोंमें 350 सेअधिकस्टोरोंकामजबूतरिटेल नेटवर्कहै. सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री करीना कपूर खान ने कलेक्शन का अनावरण किया. अपनी सदाबहार (टाइमलेस) खूबसूरती के लिए मशहूर करीना नुवा कलेक्शन के सार (एसेंस) को पूरी तरह से मूर्त रूप दे रही हैं. इस प्रकार वह इस लॉन्च के लिए बिल्कुल उपयुक्त ऐम्बैसडर साबित हो रही हैं. यह कलेक्शन भारत के सभी स्टोर पर उपलब्ध है. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा, हमें नुवा कलेक्शन लॉन्च करते हुए काफी अधिक गर्व महसूस हो रहा है जो नेचर और महिलाओं की अदम्य ताकत दोनों को सेलिब्रेट करता है. इस कलेक्शन में शामिल हर पीस को काफी सावधानी और सटीक तरीके से तैयार किया गया है जो प्रकृति की खूबसूरती और महिलाओं के रेजिलिएंस को दिखाता है. हमारे लिए यह बड़े सम्मान की बात है कि करीना कपूर खान ने इस कलेक्शन को लॉन्च किया है क्योंकि वह नुवा के सौंदर्य और धाक का बखूबी प्रतिनिधित्व करती हैं. नुवाकलेक्शनप्रकृति (नेचर) कीजटिलडिजाइनों, तरंगों, रूपों, तहों और बनावटोंक ो दिखाती है, जिन्हें हीरे के गहनों में बहुत खूबसूरती से पिरोया गया है.प्राकृतिक संसार (नेचुरल वर्ल्ड) में पाई जाने वाली खूबसूरती और लचीलता से प्रेरणा लेते हुए इस कलेक्शन के हर पीस को काफी सुंदर तरीके से तैयार किया गया है, समय के साथ रिफाइन किया गया है, और कला के एक सुंदर शिल्प के रूप में उकेरा गया है, ठीक उसी तरह जैसे महिलाएं उतार-चढ़ाव से निपटती हैं, और अपने सपनों को हासिल करने के लिए दृढ़ संकल्प लेती हैं. हर पीस महिलाओंकीसुंदरता, शक्तिऔरशालीनताको दिखाता है. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स का नुवा कलेक्शन आज की महिलाओं को दिखाता है जो हर क्षेत्र में अच्छा काम करना चाहती हैं. इसके साथ ही यह संग्रह प्रकृति की जटिल खूबसूरती को भी सेलिब्रेट करता है और महिलाओं के सशक्तिकरण को भी दिखाता है.

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| एन.आई.टी. क्र. / सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू. (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 46/155141 | WHITE WASHING, PAINTING & DISTEMPERING IN VARIOUS GOVT. BUILDINGS OF HEERAPUR AND KABEER NAGAR SECTION, RAIPUR (C.G.) | रु. 65.00 लाख |
| 52/155142 | General Maintainance work in Saheed Veer Narayan Singh International Cricket Stadium, Parsada, Distt.- Raipur | रु. 50.00 लाख |
| 53/155143 | ORDINARY MAINTENANCE WORK OF VARIOUS RESIDENTIAL & NON RESIDENTIAL BUILDING AT KHARORA SECTION, UNDER SUB DIVISION NO.-4 (ARANG), RAIPUR | रू. 25.00 लाख |

निविदा डाउनलोड़ करने की अंतिम तिथि दिनांक 14.07.2024 समय सायं 5:30 बजे तक उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

अधीक्षण अभियंता
लो. नि. वि रायपुर मण्डल क्रं.-1
रायपुर (छ.ग.)

G-242500522/2

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, गुरुवार 27 जून 2024



## श्रवण यंत्र मिलने से दिव्यांग शिवम देवांगन की खुशी हुई दुगनी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिव्यांगजनों को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र, ट्रायसाईकल, बैशाखी, कृत्रिम अंग उपकरण, सहित विभाग के अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। गरियाबंद जिले के श्रवण बाधित शिवम देवांगन को अब श्रवण यंत्र मिलने से सुनने एवं बोलने में सुविधा हो रही है, जिससे उसकी खुशी दुगनी हो गई है। 5 वर्षीय शिवम देवांगन 90 प्रतिशत श्रवण बाधित दिव्यांग है। श्रवण यंत्र एक ऐसा छोटा इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है, जिसे कोई व्यक्ति कान के पीछे या कान में लगा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगें जनता से रूबरू, मुख्यमंत्री निवास में प्रत्येक गुरुवार होगा जनदर्शन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जनता से रूबरू होकर 27 जून को आम जनता की समस्या को सुनकर त्वरित निराकरण करेंगें। मुख्यमंत्री आमजनों से प्रत्येक गुरुवार 'जनदर्शन' कार्यक्रम में जनता से मुलाकात करेंगें। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय जनता से सीधे संवाद करेंगें और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानाकरी लेंगें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 27 जून को 'जनदर्शन' से मुलाकात कर उनकी समस्या से अवगत होंगे और नागरिकों की समस्याओं को सुनकर एवं उनके यथासंभव त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। इसके साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे।

### अजा अजजा कल्याण विभाग सलाहकार समिति की बैठक में जाति प्रमाणपत्र में पात्र आवेदकों के प्रकरण भेजने एवं अपात्र आवेदकों को सूचना देने के निर्देश दिये गए




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में नगर निगम अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग की सलाहकार समिति की बैठक विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी की अध्यक्षता एवं समिति सदस्य एमआईसी सदस्य सहदेव व्यवहार, जोन 8 जोन अध्यक्ष घनश्याम छत्री, पार्षद श्रीमती नीलम नीलकंठ जगत, प्रकाश जगत, धनेश बंजारे, अनवर हुसैन, सलाहकार समिति सदस्य वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य के प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, विभाग की सचिव निगम उपायुक्त सामान्य प्रशासन श्रीमती कृष्णा खटीक, सभी सहायक राजस्व अधिकारियों की उपस्थिति में हुई. बैठक में सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को राज्य शासन के दिशा-निर्देश अनुसार जाति प्रमाण पत्र बनाने इसमें सभी पात्र आवेदको के प्रकरण तैयार करके शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गए हैं. जाति प्रणामपत्र हेतु अपात्र मिले सम्बंधित आवेदकों को सूचित करने की कार्यवाही नियमानुसार शीघ्र करने के निर्देश सभी सहायक राजस्व अधिकारियों को दिये गए.

# श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) के लिए 850 तीर्थयात्री दुर्ग से स्पेशल ट्रेन से हुए रवाना

## तीर्थयात्रियों ने कहा- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की श्री रामलला अयोध्या धाम दर्शन योजना से ननिहाल के निवासियों को अपने भांचा के दर्शन का मिल रहा शुभ अवसर

### छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय सियाराम जय सियाराम की सुमधुर ध्वनि से गुंजायमान हुआ रेल्वे प्लेटफार्म

### मुख्यमंत्री ने अयोध्याधाम जा रहे तीर्थयात्रियों को दी शुभकामनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अयोध्या में श्री रामलला के भव्य मंदिर के निर्माण के पश्चात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भांचा राम के दर्शन के लिए अयोध्या धाम ले जाने श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की। आज इस योजना के अंतर्गत दुर्ग संभाग और बस्तर संभाग के 850 यात्री दुर्ग स्टेशन से रवाना हुए। छत्तीसगढ़ के भांचा राम जय सियाराम जय सियाराम की सुमधुर ध्वनि से पूरा दुर्ग स्टेशन गुंजायमान हो गया। तीर्थयात्रियों ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की बहुत अच्छी योजना है। हम सब इस दिव्य क्षण की बरसों से प्रतीक्षा कर रहे थे। आज यह इंतजार पूरा हुआ। ननिहाल वासियों को अपने भांजे के दर्शन का अवसर सुलभ हुआ है। हम श्री रामलला से छत्तीसगढ़ की सुख समृद्धि की कामना करेंगे। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व रायपुर एवं बिलासपुर संभाग के यात्री भी अयोध्याधााम के दर्शन कर चुके है। लोकसभा चुनाव में लगी आचार संहिता के उपरांत आज तीर्थयात्रा का पुनः शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अयोध्याधाम जा रहे तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दी है।

आज दुर्ग रेल्वे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 1 से इस स्पेशल ट्रेन को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप और विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, ललित चंद्राकर, गजेन्द्र यादव व रिकेश सेन ने हरी झण्डी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। तीर्थयात्रा में शामिल श्रद्धालुजन काफी उत्साहित थे। प्लेटफार्म नं. 1 पर श्री राम-लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकी और पंथी नृतक दलों की करतल ध्वनि के साथ छत्तीसगढ़ के भांचा राम, जय सियाराम-जय सियाराम की ध्वनि गुंजायमान हो रही थी।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ भगवान श्री राम का ननिहाल है। आप सभी श्री रामलला के दर्शन हेतु अयोध्या धाम जा रहे हैं। सभी श्रद्धालुगण छत्तीसगढ़ के विकास के लिए भगवान श्रीराम से आशीर्वाद लेकर आएंगे। उन्होंने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ की साय सरकार सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य के साथ पूरा करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री तथा दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या धाम में श्री रामलला का मंदिर बना है। केंद्र सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति से यह कार्य हुआ है।

वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के प्रति वनवासियों में अगाध श्रद्धा भाव है।

## एनएसओ रायपुर द्वारा तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत् राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ), रायपुर, द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत 16 से 30 जून 2024 तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में आज, 25 जून, 2024 को तेलीबांधा तालाब (मरीन ड्राइव) में एनएसओ के उप महानिदेशक, श्री अलताफ़ हुसैन हाजी के मार्गदर्शन में कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत मरीन ड्राइव के चारों तरफ सफाई कार्य किया गया।

इस अवसर पर श्री अलताफ़ हुसैन हाजी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने व्यक्तिगत जीवन एवं व्यावसायिक जीवन के अतिरिक्त समाज में रहने के कारण हर व्यक्ति की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियाँ होती हैं जिनमें से एक ज़िम्मेदारी यह भी है कि हम अपने आसपास के वातावरण में स्वच्छता बनाएँ रखें और पर्यावरण संरक्षण हेतु हमसे जो भी संभव हो उसे यथाशक्ति समाज को अर्पित करें। उन्होनें बताया कि हमारे चारों ओर विभिन्न प्रकार के प्रदूषणों से पृथ्वी का पारिस्थितिकी तंत्र अव्यवस्थित होता जा रहा है। अतः ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए समग्र स्वच्छता के लिए स्वच्छता प्रणालियों का विकास किया जाना चाहिए। श्री अलताफ़ हुसैन हाजी ने पारिस्थितिक रूप से सुरक्षित और स्थायी स्वच्छता के लिए प्रभावी और उपयुक्त तकनीकों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया। इसके लिए उन्होनें दैनिक जीवन में प्लास्टिक/पॉलिथीन के उपयोग को कम करने, वृक्षारोपण करने, वायु को स्वच्छ रखने और विभिन्न प्रकार के प्रदूषकों को नियंत्रित करने का आह्वान किया।

## रायपुर रेल मंडल में ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन को लेकर तिल्दा स्टेशन में संरक्षा सेमिनार का आयोजन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 26 जून 2024 को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल के संरक्षा विभाग के द्वारा ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु परिचालन, विद्युत परिचालन, यांत्रिक, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभाग के कर्मचारियों के साथ तिल्दा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गई-

स्पैड से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियां एवं ऑटो सिगनलिंग सेक्शन में विभिन्न प्राधिकार, शंटिंग के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां एवं रोलिंग डाउन से बचाव, इंजीनियरिंग विभाग के द्वारा बरती जानेवाली मानसून संबंधित सावधानियां, पॉइंट्स एवं सिग्नल की विफलता के दौरान सिग्नल एवं परिचालन कर्मचारी का कर्तव्य, हॉट एक्सेल, ब्रेक बाइंडिंग, ट्रेन पार्टिंग, एवं दरवाजा खुलने से बचाव के लिए क्रू, ट्रेन मैनेजर एवं स्टेशन कर्मचारी के द्वारा चेक किया जाना, हाल ही में हुई दुर्घटनाओं का विश्लेषण, प्राथमिक उपचार पेटी के उपयोग का प्रदर्शन तथा अग्निशामक यंत्र का उपयोग एवं प्रदर्शन। इस संरक्षा सेमिनार में श्री व्ही. रवि/वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी/रायपुर मुख्य रूप से भाग लिए तथा त्रिनाथ मोहंती, संरक्षा सलाहकार/विद्युत, श्री हरिश्चंद्र कर, संरक्षा सलाहकार/विद्युत ने संरक्षा सेमिनार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संरक्षा संगठन/रायपुर मंडल के द्वारा प्रत्येक माह में 02 संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन रायपुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों में किया जाता है, जिससे कर्मचारियों में कार्य करने के दौरान संरक्षा के प्रति जागरुकता लाई जा सके। उक्त संरक्षा संगोष्ठी में संरक्षा सलाहकार, सुपरवाइजर, एवं फील्ड कर्मचारियों को मिलाकर कुल 72 लोगों ने भाग लिया।

## मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति रायपुर की 65वीं बैठक सम्पन्न




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिनांक 26.06.2024 को मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति, रायपुर की 65वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान रेलवे बोर्ड द्वारा जारी मानक कार्यसूची के अनुसार जनवरी ङ्क मार्च 2024 अवधि की मंडल पर हुई राजभाषा प्रगति की समीक्षा की गई।

राजभाषा अधिकारी श्री निकेश कुमार पाण्डेय ने उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि, - केंद्र सरकार द्वारा कार्यालयों के कामकाज में अंग्रेजी के स्थान पर हिंदी का प्रयोग करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इन्हीं प्रावधानों के अनुपालन हेतु मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक प्रति तिमाही आयोजित की जाती है। बैठक के दौरान अलग-अलग कार्यों के लिए गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजभाषा हिंदी के प्रयोग - प्रसार की समीक्षा की जाती है।

मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि, - आप सभी जानते हैं कि राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार एक संवैधानिक कर्तव्य है जिसका अनुपालन करना केंद्र सरकार के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए अनिवार्य है और हम चाहें तो अधिक से अधिक कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में किया जा सकता है, इसमें कोई बाधा नहीं है। राजभाषा के क्षेत्र में जो कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें समय-समय पर पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने निरीक्षण के दौरान राजभाषा प्रगति का भी जायजा अवश्य लें। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि मंडल के सभी अधिकारी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन में काफी सक्षम हैं अतः आप पूरी तत्परता से हिंदी में स्वयं भी काम करें और अपने अधीनस्थों को भी इसके लिए प्रेरित करें। बैठक का संचालन राजभाषा अधिकारी श्री निकेश कुमार पाण्डेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

## ऐस वर्ल्ड (Ace World) फर्नीचर की हुई आधुनिक-री ओपनिंग







**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर शहर के ह्रदय स्थल में जी.ई. रोड तेलीबांधा, के पास स्थित ऐस वर्ल्ड (Ace World) फर्नीचर की बुधवार 26 जून को शुभ मुहूर्त में रायपुर पश्चिम विधायक श्री राजेश मूणत जी के कर कमलों द्वारा भव्य री ओपनिंग की गई।

ऐस वर्ल्ड फर्नीचर की मैनेजिंग डायरेक्टर सुश्री वत्सला ललित जैन पटवा ने बताया कि उनके इस आधुनिक प्रतिष्ठान मैं सभी ग्लोबल इंपोर्टेड फर्नीचर एवं इंटीरियर एक्सेसरीज की व्यापक रेंज उपलब्ध है।

इस आधुनिक शोरुम की ग्रांड री ओपनिंग के अवसर पर पटवा परिवार के श्री अशोक जैन पटवा, श्री कमल जैन पटवा, श्री ललित-श्रीमती एकता जैन पटवा ने सभी आगंतुकों का स्वागत- अभिनंदन किया।

## एनआईटी रायपुर में नशा विरोधी रैली और ड्रग फ्री इंडिया पर सेमीनार के जरिये लोगों को नशे के विरुद्ध किया गया जागरूक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर में, 26 जून 2023 को नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस मनाया गया। संस्थान के एनसीसी क्लब के तत्वाधान में नशा विरोधी रैली निकालकर लोगों को नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया। इसके साथ ही संस्थान की डिस्पेंसरी द्वारा ड्रग फ्री इंडिया पर आधारित एक सेमीनार का आयोजन भी किया गया।

इस दौरान संस्थान के निदेशक डॉ एन वी रमना राव, डीन अकादमिक डॉ श्रीश वर्मा, हेड सी डी सी डॉ समीर बाजपेयी, फैकल्टी मेम्बेर्स, स्कोलर्स और विद्यार्थी मौजूद रहे। रैली का आयोजन एनसीसी के संकाय प्रभारी डॉ. नीरज मन्हास वहीँ सेमीनार का आयोजन मेडिकल ऑफिसर, एन आई टी डिस्पेन्सरी डॉ सौम्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इन कार्यक्रमों के सफल आयोजन में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ नितिन जैन ने भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

इस रैली में नशे के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने वाले नारें हम सबका एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा एवं नशे की लत है ऐसी जो करदे जिंदगी नरक जैसी जैसे नारे जोर शोर से लगाए गए।

इस कार्यक्रम के बाद ड्रग फ्री इंडिया पर एक सेमीनार का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता एम डी, मनोविज्ञान, डॉ निशांत साहू रहे। सबसे पहले मेडिकल ऑफिसर, एन आई टी डिस्पेन्सरी डॉ सौम्या अग्रवाल ने नशीली दवाओं के सेवन और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा विरोधी दिवस के बारे में जानकारी दी और कहा की नशे की गिरफ्त में आने से आप शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से ग्रसित हो सकते हैं। इसके बाद डॉ एन वी रमना राव ने कहा कि हमें नशे के विरुद्ध युवाओं को जागरूक करने की जरुरत है। नशे से सामजिक व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है जिससे हत्या, चोरी और लूट जैसी घटनाएं बढ़ रही है। इसके बाद डॉ निशांत साहू ने अपने व्याख्यान में कहा की ड्रग फ्री इंडिया भारत सरकार की अमूल्य पहल है और नशे के विरुद्ध जागरूकता लाना इसका पहला कदम है। उन्होंने नशे के लिए प्रयोग में ली जाने वाली चीजों की जानकारी और उसके नुक्सान के बारे में विस्तार से जानकारी दी

उन्होंने नशे के कारण बताते हुए कहा कि आजकल खुद को आधुनिक बताने, अवसाद में, परफॉरमेंस प्रेशर इत्यादि में पडकर लोग नशा करना शुरू कर देते है। उन्होंने इससे बचने की सलाह देते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध जागरूक रहकर इसे ना कहें और जरूरत पड़ने पर इसके विरुद्ध सहायता लेने या बात करने से भीं पीछे न हटें।

## ग्राम पंचायत ताराशिव में हुई तालाबों एवं जल स्त्रोतों की सफाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर आज विकास खण्ड तिल्दा-नेवरा के ग्राम पंचायत ताराशिव में 'नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान' अंतर्गत निस्तारी तालाबों एवं जल स्त्रोतों की साफ-सफाई कराई गई।जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य मे आज तीसरे दिन तिल्दा-नेवरा जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशिव में महिलाओं द्वारा तालाबों एवं जल स्त्रोतों की सफ़ाई कर जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई।

## अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर संभागायुक्त संजय अलंग ने दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस पर रायपुर संभागायुक्त संजय अलंग ने शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों, एनजीओ सहित शहरवासियों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विशाल मानव श्रृंखला निर्मित कर नशे के विरूद्ध सभी ने संदेश दिया, साथ ही हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रो. हिना इलियास ने 'भारतीय न्याय संहिता-2023' के मूल तत्वों से सभी को अवगत कराया। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप, सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद सहित सभी विभागों के प्रमुख सम्मिलित रहें। रायपुर शहर के सबसे ऊंचे बहुमंजिला कलेक्टोरेट पार्किंग परिसर में संभागायुक्त अलंग ने अपने उद्बोधन में समाज व परिवार को बेहतर दिशा देने हर नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवी संगठनों के पदाधिकारी व आम नागरिकों ने मिलकर विशाल मानव श्रृंखला बनाकर नशे के विरूद्ध हर गतिविधि में अपनी सहभागिता का संदेश दिया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354